नई दिल्ली

बुधवार, 11 जून 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 57
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 41
न्यून. 29


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## सभी से जाने उनके अनुभव और प्राप्त की प्रतिक्रिया

# प्रधानमंत्री ने की विदेश यात्रा से लौटे सातों सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात...

एक्स पोस्ट में बोले पीएम, जिस तरह से सभी ने भारत की आवाज को आगे बढ़ाया, उस पर हम सभी को गर्व है

अपने आधिकारिक आवास पर प्रतिनिधिमंडलों के स्वागत में पीएम ने दिया रात्रिभोज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले ने हर किसी भारतीय को झकझोर कर रख दिया था। सबको पता था कि इसका करारा जवाब भारत की तरफ से निश्चित ही दिया जाएगा। हुआ भी कुछ यूं ही। 7 मई की देर रात अपनी जवाबी कार्रवाई में भारत की सशस्त्र सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद हमले के लिए जिम्मेदार लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के कुल 9 आतंकवादी अड्डों को पूरी तरह से तबाह कर दिया। लेकिन इसके साथ ही सरकार ने ये भी तय किया की पाक समर्थित आतंकवाद के खिलाफ की गई भारत की इस सैन्य कार्रवाई और नई सोच के साथ आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति के बारे में दुनिया तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को रवाना किया जाए। निर्णय के तहत 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में विभिन्न राजनीतिक दलों के करीब 50 मौजूदा-पूर्व सांसदों, पूर्व राजनयिकों को दुनिया के 33 देशों की राजधानियों की ओर रवाना किया गया। हाल ही में ये सभी अपनी विदेश यात्रा पूरी कर स्वदेश वापस लौटे हैं। इसी क्रम में मंगलवार ▶▶ शेष पेज 6 पर



### पीएम ने एक्स पोस्ट में साझा की तस्वीर

एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने एक तस्वीर साझा कर इस मुलाकात के बारे में बताते हुए कहा, विभिन्न देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उनसे शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। पीएम ने कहा कि जिस तरह से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भारत की आवाज को आगे बढ़ाया, उस पर हम सभी को गर्व है।

### प्रतिनिधिमंडलों को पीएम की शाबासी

50 से अधिक सदस्यों वाले इन सातों प्रतिनिधिमंडलों ने दुनिया के करीब 33 देशों की राजधानियों का दौरा किया। जिसकी शुरुआत बीते महीने करीब 20 मई के बाद से हुई थी। प्रधानमंत्री ने भी सभी से बातचीत में आतंकवाद को लेकर बने हुए भारत के सख्त रुख यानी आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति को दुनिया के सामने मजबूती से रखने के लिए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की पीठ थपथपाई। इसके अलावा पहलगाम जैसे कायरतापूर्ण आतंकी हमले को लेकर पाक को दुनिया के सामने तथ्यों के साथ बेनकाब करने की भी प्रधानमंत्री ने सराहना की। यहां बता दें कि भारत लौटने के बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री से पहले विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर से मुलाकात की थी और अपनी विदेश यात्रा से जुड़े अनुभव साझा किए थे।

### यह नेता पहुंचे पीएम आवास

जो सात प्रतिनिधिमंडल विदेश दौरों पर गए थे। उनमें से एक की अगुवाई भाजपा नेता बैजयंत पांडा ने की। उनके अलावा भाजपा के नेता रविशंकर प्रसाद ने भी एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। जनता दल यूनाइटेड नेता संजय कुमार झा, शिवसेना (शिंदे) नेता श्रीकांत शिंदे, कांग्रेस नेता शशि थरूर, द्रमुक नेता कनिमोझी, एनसीपी नेता (शरद पवार) सुप्रिया सुले की अगुवाई में भी सरकार ने प्रतिनिधिमंडल विदेश यात्रा पर भेजे थे। उधर, प्रधानमंत्री आवास की तस्वीरों में भी सातों प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा रहे सत्ता पक्ष और विपक्ष के तमाम सांसदों की मौजूदगी साफ तौर पर नजर आई। जिसमें गुलाम नबी आजाद, शशि थरूर, मनीष तिवारी, आनंद शर्मा, सलमान खुर्शीद, अमर सिंह, सुप्रिया सुले, संजय झा, कनिमोझी, श्रीकांत शिंदे मुख्य हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी मौजूद रहे।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### चैट जीपीटी हुआ डाउन देशभर में रही समस्या




**नई दिल्ली।** एआई चैटबॉट मंगलवार दोपहर डाउन हो गया। कई यूजर्स इसका यूज नहीं कर सके और उनको समस्या का सामना करना पड़ा। डाउनडिटेक्टर के अनुसार, यह समस्या दोपहर 12 बजे आईएसटी से शुरू हुई और दोपहर 3:15 बजे आईएसटी पर अपने चरम पर पहुंची। वेबसाइट के मुताबिक, 88% समस्याएं चैटजीपीटी से संबंधित हैं।

### पूरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**त्रिनिदाद।** वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर निकोलस पूरन ने 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये इसकी घोषणा की। पूरन वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा टी20 खेलने वाले खिलाड़ी हैं। साथ ही इस प्रारूप में उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा रन भी बनाए हैं।

### भारत की वृद्धि दर 6.3% पर बरकरार




**वाशिंगटन।** विश्व बैंक ने मंगलवार को वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा। विश्व बैंक ने अप्रैल में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था, जो जनवरी में 6.7 प्रतिशत था।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक्स पोस्ट के जरिए दी यह जानकारी

# 11 वर्षों में बड़े और क्रांतिकारी बदलावों का गवाह बना रक्षा क्षेत्र: पीएम मोदी

रक्षा मंत्री ने कहा, पीएम के मजबूत नेतृत्व में हुए क्रांतिकारी बदलावों की वजह से आयातक से वैश्विक रक्षा निर्यातक बना भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र सरकार के स्तर पर सबसे बड़ी चर्चा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के 11 वर्ष पूरे होने को लेकर चल रही है। जिसमें पहले चीन और अब पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर जारी तनाव के बीच रक्षा क्षेत्र प्राथमिकता से शामिल है। मंगलवार को इसे लेकर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कुछ पोस्ट कीं और उनमें एक दशक से अधिक लंबी इस समय अवधि में देश के रक्षा क्षेत्र में हुए कई महत्वपूर्ण बदलावों की जानकारी दी। पीएम ने एक्स पोस्ट में बताया कि इन बदलावों में आधुनिकीकरण और रक्षा उत्पादन को लेकर देश को आत्मनिर्भर बनाने के मामले में काफी ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में इस बात को लेकर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि कैसे भारत के लोग अपने देश को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एकजुट हुए हैं? पीएम की पोस्ट में 'द मूव्स देट आर मेकिंग इंडिया ए ग्लोबल पावर' के साथ वायु-योद्धाओं के साथ बातचीत की एक तस्वीर भी साझा की है।



### 23 हजार 622 करोड़ पर पहुंचा रक्षा निर्यात

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट में कहा, 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत और विजन आधारित नेतृत्व की बदौलत भारत के रक्षा क्षेत्र में कई सराहनीय बदलाव आए हैं। जिनकी मदद से वह एक आयात मॉडल से बाहर निकलकर निर्यात मॉडल के रूप में परिवर्तित होकर एक भरोसेमंद वैश्विक मॉडल बन गया है। वर्ष 2024-25 में देश का रक्षा निर्यात 23 हजार 622 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। जबकि 2014-15 में यह आंकड़ा 1 हजार 940 करोड़ रुपए पर था। उन्होंने एक्स पोस्ट में भारत के पहले स्वदेशी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रक्षा क्षमताओं में हुआ क्रांतिकारी बदलाव

प्रधानमंत्री ने अपनी एक्स पोस्ट के साथ माई गॉव इंडिया से भी एक थ्रेड साझा किया। जिसमें '11 ईयर्स ऑफ रक्षा शक्ति हैशटेग' के साथ इस क्षेत्र में आए क्रांतिकारी बदलावों का उल्लेख किया गया है। थ्रेड की शुरुआत 11 वर्षों में 'भारत का उत्थानः शक्ति, साझेदारी और प्रगति' के साथ की गई है। साथ ही कहा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 11 वर्षों में देश ने अपनी रक्षा क्षमताओं में क्रांतिकारी बदलाव किया गया है। वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को गहराई प्रदान की गई और अंतरिक्ष अन्वेषण में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से प्रेरित होकर राष्ट्र ने आत्मनिर्भर नवाचार को अपनाया। साथ ही व्यापार और प्रौद्योगिकी में अपने प्रभाव का विस्तार किया है। पोस्ट के मुताबिक, यह समय भारत के एक आत्मविश्वासी, निर्णायक और सम्मानित वैश्विक नेता के रूप में उदय होने की कहानी है। जो प्रधानमंत्री के साहसिक दृष्टिकोण और सशक्त भारत के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### मिसाइल ताकत भी सामने रखी गई

पोस्ट में ये भी कहा, भारत की मिसाइल शक्ति में अचूक मारक क्षमता और पहुंच को बढ़ाया गया है। रक्षा मंत्री ने ब्रह्मोस के विस्तारित संस्करण के बारे में भी बताया। जिसे सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान व अन्य माध्यमों से सफलतापूर्वक जांचा गया। इस थ्रेड में भारत के दूसरे देशों के साथ मजबूत होते संबंधों को भी रेखांकित किया गया है। जिसमें भारत का ब्रिटेन के साथ हुआ ऐतिहासिक व्यापार समझौता और यूएई के साथ किया गया व्यापक आर्थिक शक्ति समझौता मुख्य है। वैश्विक शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता जताते हुए उन्होंने कहा कि भारत एक बड़ी शांति सेना के रूप में अहम भूमिका निभा रहा है। दुनियाभर में 50 मिशन के तहत 2.9 लाख सैनिकों की तैनाती की गई है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को दो लाख कोविड टीके उपलब्ध कराए थे। जिसमें अग्रिम मोर्चों पर शांति और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी गई थी।

### 100 प्लस देशों को किया निर्यात

राजनाथ ने कहा, इस एक दशक से अधिक की यात्रा में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा। हमने 100 से अधिक देशों को स्वदेशी हथियारों का निर्यात किया। एलसीएच प्रचंड, तेजस लड़ाकू विमान, ब्रह्मोस मिसाइल मुख्य हैं। सेल्फ रिलायंट डिफेंसः स्ट्रेंथनिंग टूमारोज भारत शीर्षक के साथ वीडियो साझा करते हुए उन्होंने कहा, इसके जरिए भारत के आतंकवाद के खिलाफ मुकाबला करने के निर्णय के बारे में जानकारी मिलती है। जिसमें ऑपरेशन सिंदूर, सैन्य युद्धाभ्यास, सैनिकों की गश्त, पूर्वोत्तर में उग्रवाद के मामले और सशस्त्र सेनाओं में नारी शक्ति जैसे मुद्दे शामिल हैं।

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर नमो एप पर जनमन सर्वे

# पहले ही दिन मिले 5 लाख से ज्यादा लोगों के 'जवाब'

सरकार ने इस अवसर पर एक ई-बुक भी जारी की है, जिसमें पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों का विवरण है



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में नमो एप पर एक खास 'जन मन सर्वे' शुरू किया गया है। इस सर्वे को लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और लॉन्च के केवल 26 घंटे में ही देशभर से 5 लाख से ज्यादा लोगों ने इसमें भाग लिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस सर्वे की जानकारी साझा करते हुए पीएम मोदी ने लोगों से भारत की विकास यात्रा पर अपनी राय देने की अपील की। यह सर्वे नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सीधे भागीदारी का मौका देता है, जिसमें वे राष्ट्रीय सुरक्षा, शासन, सांस्कृतिक गौरव, युवा विकास जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं।

### उत्तर प्रदेश ने सबसे अधिक 1,41,150 जवाब आए

अब तक मिले आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश ने सबसे अधिक 1,41,150 जवाब भेजे हैं। इसके बाद महाराष्ट्र से 65,775, तमिलनाडु से 62,580, गुजरात से 43,590 और हरियाणा से 29,985 प्रतिक्रियाएं मिली हैं। खास बात यह है कि सर्वे में शामिल 77% लोगों ने पूरा सर्वे पूरा किया है, जो नागरिकों की गंभीर भागीदारी को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि आपकी राय सबसे महत्वपूर्ण है! नमो एप पर इस सर्वे में हिस्सा लें और हमें बताएं कि आप भारत की 11 वर्षों की विकास यात्रा को कैसे देखते हैं।" यह सर्वे केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं पर आम जनता की राय जानने का एक बड़ा प्रयास है। वहीं, भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने इस अवसर पर कहा कि इन 11 वर्षों में भारत में सुशासन, राजनीतिक संस्कृति में परिवर्तन और कई साहसिक निर्णय देखने को मिले हैं। सरकार ने इस अवसर पर एक ई-बुक भी जारी की है, जिसमें पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों का विवरण है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

## भारत का अंतरिक्ष में आज ऐतिहासिक कदम

# वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु की एएक्स-4 मिशन में अहम भूमिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने अंतरिक्ष में एक नया अध्याय शुरू करने की ओर कदम बढ़ाया है। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 40 वर्षों में पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनने जा रहे हैं। उन्हें इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम (एचएसपी) के तहत एएक्स-4 के लिए चयनित किया गया है। इस मिशन में वे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर यात्रा करेंगे और मिशन पायलट की भूमिका निभाएंगे। एक्सिओम-4 मिशन 11 जून (बुधवार), 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे लॉन्च होगा। इस मिशन में भारत, हैं। यह तीनों देशों का पहला ▶▶ शेष पेज 6 पर

## 11 लोगों का ग्रुप नहाने के लिए नदी में उतरा

# बनास नदी में 11 युवक डूबे, 8 की मौत, तीन की तलाश जारी

एजेंसी ▶▶ टोंक



राजस्थान के टोंक जिले में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां जयपुर से घूमने आए 11 युवक नदी में डूब गए हैं। इनमें से 8 युवकों की मौत हो गई है और बाकी तीन लापता हैं। इस हादसे की जानकारी मिलने के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। घटना से पूरे इलाके में शोक है। प्रशासन ने नदी के आसपास रहने वाले लोगों से सावधानी बरतने और बिना किसी जरूरी काम के नदी में ना उतरने की अपील की है। टोंक के सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस विकास सांगवान ने बताया कि 25 से 30 साल की उम्र के 11 लोगों का एक ग्रुप नहाने ▶▶ शेष पेज 6 पर

## मृतक परिवार बिहार का रहने वाला

# युवक अपने चार बच्चों के साथ गोल्डन टैंपल ट्रेन के सामने कूदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



हरियाणा के पंचकूला के बाद अब फरीदाबाद में भी एक ही परिवार के पांच लोगों ने जान दे दी। बल्लभगढ़ क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक बेहद दर्दनाक हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। यहां एक पिता ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना में सभी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन के पास क है। मृतक बच्चों की उम्र 4 से 7 साल के बीच थी। सभी एक साथ ट्रैक पर खड़े हुए और सामने से आ रही ट्रेन के आगे कूद गए। जीआरपी पुलिस ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

## नेटजन का सोशल मीडिया पर फूटा गुस्सा, हरियाणवी में छात्र बोलता रहा मैं पागल नहीं, अमेरिकी पुलिस क्रिमिनल सा व्यवहार करती रही

# 'विश्व गुरू' के बच्चे अमेरिका में जमीन पर पटके जा रहे, हथकड़ी पहनाकर डिपोर्ट किये जा रहे, विपक्ष ने केंद्र को घेरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका के नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय छात्र के साथ अपराधी जैसा व्यवहार और उसके निर्वासन (डिपोर्टेशन) की घटना ने भारत और विदेशों में व्यापक चर्चा और प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया है। यह घटना तब सुर्खियों में आई, जब भारतीय-अमेरिकी उद्यमी कुणाल जैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सोमवार को एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें दिखाया गया कि अमेरिकी अधिकारी एक भारतीय छात्र को जमीन पर मुंह के बल गिरा कर हथकड़ी लगा रहा है।

भारतीय छात्र चिल्ला आ रहा है कि वो पागल नहीं उनके साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार न किया जाए लेकिन अमेरिकी पुलिस ने एक नहीं सुनी। हथकड़ी पहनाकर उक्त छात्र का निर्वासन अमेरिका से कर दिया गया। बहस इस विषय का है कि गैर कानूनी रूप से अमेरिका में निवास कर रहे अन्य देशों के लोगों को अमेरिकी पुलिस पकड़ रही है तो क्या ऐसा ही व्यवहार कर रही है? नहीं हरगिज नहीं। पहले भी ऐसी खबरे आई कि मालवाहक जहाज में हथकड़ी पहना कर जहां गैर कानूनी तरीके से अमेरिका में घुसे भारतीयों को भर कर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मामले में पीएम और विदेश मंत्रालय चुप क्यों?: कांग्रेस

कांग्रेस पार्टी ने इस घटना को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस मुद्दे को उठाया और इसे भारत के सम्मान से जोड़ा। उन्होंने कहा, अमेरिका लगातार भारत और भारतवासियों को अपमानित कर रहा है। एक भारतीय छात्र को नेवार्क हवाई अड्डे पर जमीन पर पटका गया, उसके हाथ-पैर बांधे गए, और उसके आत्मसम्मान को जूतों तले रौंदा गया। श्रीनेत ने सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय इस मामले में चुप क्यों है? यह 'विश्वगुरु' की छवि के लिए शर्मनाक है।

## अमेरिका में वैध यात्रियों का होगा स्वागत लेकिन अवैध प्रवेश, वीजा का दुरुपयोग कतई बर्दाश्त नहीं

# हथकड़ी लगाकर भारतीय छात्र को वापस भेजने के मामले पर अमेरिकी दूतावास की सफाई...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अवैध प्रवासियों को तेजी से बाहर निकालने और छात्र वीजा से जुड़े नियमों में की गई हालिया सख्ती के बीच अमेरिका के नेवार्क हवाईअड्डे से हथकड़ी लगाकर एक भारतीय छात्र को स्वदेश वापस भेजने के मामले के तूल पकड़ने के बाद मंगलवार को नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास ने सफाई दी है। एक्स पोस्ट में दूतावास ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) में वैध यात्रियों का स्वागत जारी है। लेकिन अमेरिका आने का कोई अधिकार नहीं है। अवैध प्रवेश, वीजा के दुरुपयोग और अमेरिकी कानूनों के उल्लंघन को अमेरिका में किसी भी सूरत में कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




### अमेरिकी प्रशासन के संपर्क में दूतावास

इन सबके बीच न्यूयार्क में भारत के वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में सोशल मीडिया से इस मामले की जानकारी मिलने के तथ्य को स्वीकार किया है। साथ ही कहा कि इसे लेकर हम अमेरिकी प्रशासन के साथ संपर्क में बने हुए हैं। दूतावास ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्धता जताई है।

### पुलिस से बोला छात्र, मैं पागल नहीं हूं

इस मामले का खुलासा सोशल मीडिया पर एक प्रवासी भारतीय बिजनसमैन कुणाल जैन की एक्स पोस्ट से हुआ। जिसमें एक वीडियो साझा करते हुए उन्होंने बताया कि नेवार्क हवाईअड्डे पर मैंने देखा कि किस तरह से एक युवा भारतीय छात्र को वापस भेजा गया। पुलिस ने उसके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया। उसे हथकड़ी लगाई गई थी, वो रो रहा था। कुणाल के दावे के मुताबिक, छात्र हरियाणवी में चिल्लाते हुए पुलिस से कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं। लेकिन पुलिस अधिकारी मुझे पागल साबित करने में लगे हुए हैं। उन्होंने इसे एक मानवीय त्रासदी बताते हुए कहा कि यह छात्र अपने सपनों को पूरा करने के लिए अमेरिका आया था। किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं। कुणाल के मुताबिक, इस घटना के बाद वो खुद को बतौर एक प्रवासी भारतीय के रूप में दुखी और असहाय महसूस कर रहे हैं।

### अब तो रोजाना का किस्सा हो गया

कुणाल ने कहा, अमेरिका में अब ऐसे हालात रोजाना देखने को मिलते हैं। हर दिन लगभग 3 से 4 मामले सामने आ रहे हैं। छात्र सुबह वीजा के साथ उड़ान भरते हैं। लेकिन फिर यहां पहुंचने पर अधिकारियों को अपने प्रवेश को लेकर साफ स्पष्टीकरण न दे पाने के कारण शाम को उन्हें हथकड़ी लगाकर वापस भेज दिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### लगातार भीषण गर्मी की चपेट में दिल्ली

**नई दिल्ली।** राजधानी वालों को लगातार सूरज के कड़े तेवरों के चलते भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। लेकिन अभी भी गनीमत यही है कि एक दो स्थान छोड़ दें तो लू के थपेड़ों से कुछ हद तक राहत मिली हुई, क्योंकि अभी भी दिल्ली का औसत तापमान 45 डिग्री से नीचे बना हुआ है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मंगलवार को राजधानी का औसत अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, यह सोमवार के 43.4 डिग्री सेल्सियस से मामूली अधिक है। जबकि इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.9 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सबसे अधिकतम तापमान आया नगर में 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### द्विजदास बसाक को मिली टाटा पावर-डीडीएल की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में बिजली आपूर्ति करने वाली निजी बिजली कंपनी टाटा पावर-डीडीएल की जिम्मेदारी द्विजदास बसाक को देते हुए कंपनी ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सीईओ पद पर नियुक्ति कर दी है। बसाक की नियुक्ति के बारे में टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक डॉ प्रवीर सिन्हा ने कहा मैं टाटा पावर-डीडीएल के नए सीईओ के रूप में द्विजदास बसाक का स्वागत करता हूं। वह अपने साथ गहन डोमेन विशेषज्ञता और बिजली वितरण क्षेत्र में एक शानदार ट्रैक रिकॉर्ड लेकर आए हैं। मुझे विश्वास है कि वह टाटा पावर-डीडीएल को परिवर्तनकारी विकास के अगले चरण में ले जाएंगे, नवाचार को बढ़ावा देंगे, परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देंगे और ग्राहक केंद्रित को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

### पीएम के दूरदर्शी नेतृत्व से हमें दिल्ली के समग्र विकास की मिलती है प्रेरणा : सीएम

# रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात दिल्ली के विकास से जुड़े मुद्दों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को दिल्ली के विकास और प्रगति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री ने दिल्ली के विकास के लिए अपने विजन और योजनाओं को साझा किया, जिससे हमें दिल्ली के विकास के लिए नई दिशा और गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि दिल्ली को स्वच्छ बनाना हमारी प्राथमिकता है और हरित दिल्ली हमारे प्रमुख लक्ष्यों में शामिल है। इस अवसर पर सीएम ने प्रधानमंत्री जी को शहीद स्मारक स्मृति चिन्ह भेंट किया और कहा कि हम सभी स्कूली बच्चों को इस स्थल को दिखाएंगे, ताकि उनमें देशभक्ति व राष्ट्रवाद का जज्बा पैदा हो। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि उन्हें हमेशा प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन से दिल्ली और दिल्लीवासियों की सेवा में एक नई ऊर्जा, एक नए संकल्प से जुट जाने की प्रेरणा मिलती है। हम पूरी निष्ठा के साथ प्रतिबद्ध हैं कि प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर दिल्ली को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की मुलाकात में हमने दिल्ली के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री के विजन को ध्यान में रखते हुए हम देश की राजधानी को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाने के लिए प्रयासरत हैं। साथ ही हरित दिल्ली बनाने के लिए कई कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कूड़े के प्रबंधन को बेहतर बना रहे हैं, जिसके लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। कूड़े का रिसाइकल कर उसके विभिन्न उपयोग भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली को हरा-भरा बनाने के लिए इस साल 70 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान शुरू कर दिया गया है। पार्कों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। सड़क किनारे खाली स्थानों पर पौधे रोंपे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक पर्यावरणीय लक्ष्य नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, स्वस्थ और सुंदर भविष्य की नींव है। दिल्ली को स्वच्छ एवं हरित बनाने के लिए दिल्ली सरकार एक बहुआयामी रणनीति पर काम कर रही है, जिसमें जन भागीदारी और विकास दोनों को प्राथमिकता दी जाएगी।



#### दिल्ली सरकार राजधानी को विकसित दिल्ली बनाने के लिए कर रही लगातार काम

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उनके अमूल्य समय के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि हमारी सरकार दिल्लीवासियों के साथ मिलकर राजधानी को 'विकसित दिल्ली' बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। हम प्रधानमंत्री के विजन 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के तहत दिल्ली को विकसित राजधानी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी को दिल्लीवासियों की ओर से भी आभार प्रकट किया और कहा कि केंद्र सरकार ने समय-समय पर राजधानी को विशेष सहायता प्रदान की है, जिससे अनेक रुकी हुई परियोजनाओं को गति मिली और नई योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## सद्भावना पार्क का उद्घाटन कर एलजी और सीएम ने लगाया पेड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ मंगलवार को महात्मा गांधी रोड पर वाल्ड सिटी के साथ 11 एकड़ में फैले डीडीए के पार्क सद्भावना पार्क का उद्घाटन किया। इस पार्क का दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने पुनर्विकसित किया है। वाल्ड सिटी की प्राचीर के साथ पुनर्विकसित किए जा रहे तीन पार्कों की श्रृंखला में सद्भावना पार्क दूसरा पार्क है। इस मौके पर एलजी सक्सेना व सीएम रेखा गुप्ता के अलावा, सांसद प्रवीण खंडेलवाल, दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र और डीडीए के उपाध्यक्ष एन सरवन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर एलजी व सीएम ने एक पेड़ भी लगाया। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार एलजी सक्सेना के दिशा निर्देश पर इस पार्क को पुनर्विकसित किया है। इस पार्क से विशेष रूप से दरियागंज-पुरानी दिल्ली क्षेत्रों में जरूरी मनोरंजक व हरित स्थान की जरूरत पूरी होगी। डीडीए के अनुसार करीब 11.0 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में रथ फव्वारे, बारादरी, मूर्तिकला फव्वारे, औपचारिक लॉन, छायादार फूड प्लाजा और अन्य सार्वजनिक सुविधाएं शामिल हैं। इसका उद्देश्य दिल्ली के परिदृश्य और विरासत को समृद्ध करना है। डीडीए ने बताया कि यहां ज्यामितीय आकृतियों पर जोर देने के उद्देश्य से और रिंग रोड के पूर्वी हिस्से में समाधि परिसर में बगीचों को संतुलित करने के लिए एक औपचारिक उद्यान के रूप में डिजाइन किया गया है।

### पेड़ लगाना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : इंद्राज सिंह

**नई दिल्ली।** पेड़ लगाना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बात मंगलवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने रोहिणी स्थित राजकीय सह-शिक्षा सर्वोदय विद्यालय, सेक्टर-22 में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करने के दौरान कही। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। मंत्री इंद्राज ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। जब हम उन्हें बचपन से ही प्रकृति से जोड़ने की कोशिश करते हैं, तो वे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। स्कूलों में पौधारोपण जैसे कार्यक्रम न केवल हरियाली बढ़ाते हैं बल्कि बच्चों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी पैदा करते हैं। मंत्री इंद्राज ने कहा कि पेड़ जीवन के लिए अनिवार्य हैं।

# जलभराव से मुक्ति के लिए युद्धस्तर पर हो रहा काम : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री ने अत्याधुनिक कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

दिल्ली सरकार जलभराव से मुक्ति के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। इसके साथ ही दिल्ली के 77 बड़े नालों और यमुना नदी के जलस्तर की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इस बात की जानकारी दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंगलवार को शास्त्री नगर स्थित विभाग के अत्याधुनिक कंट्रोल रूम का निरीक्षण करने के दौरान दी। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आगामी मानसून को लेकर तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्रवेश ने अधिकारियों के साथ बैठक कर नालों की सफाई, यमुना के जलस्तर की निगरानी और बाढ़ प्रबंधन को लेकर विस्तृत योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजधानी को जलभराव से निजात दिलाने के लिए सरकार पूरी संजीदगी के साथ जुटी है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि शास्त्री नगर में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग का कंट्रोल रूम दिल्ली के 77 बड़े नालों और यमुना नदी के जलस्तर की 24 घंटे निगरानी करता है। यहां से लगातार यह देखा जाता है कि बारिश के दौरान जलप्रवाह कितना है, अपस्ट्रीम से कितना पानी छोड़ा जा रहा है और उसका नीचे की तरफ क्या असर पड़ेगा। जब जलस्तर बढ़ता है, तो यहीं से तय किया जाता है कि चेतावनी कब जारी होनी है और किन इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाला जाना है। 15 जून से मानसून शुरू होते ही, पुलिस, एसडीएम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी यहीं से समन्वय स्थापित करेंगे, ताकि कोई चूक न हो। आज मैं इसी व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लेने आया था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि दिल्ली के 76 बड़े नालों में से 90 प्रतिशत की सफाई पूरी हो चुकी है, जबकि शेष कार्य अंतिम चरण में है। आधुनिक मशीनरी, जीपीएस ट्रैकिंग और ग्राउंड रिपोर्टिंग के जरिए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी नाले में रुकावट न बने और जलभराव की आशंका खत्म हो।



## खबर संक्षेप

### हीट वेव और डिहाइड्रेशन से खतरा बढ़ा



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रामचंद्र सोनी ने बताया कि तपती गर्मी और लगातार बढ़ता तापमान शहरवासियों के लिए खतरे की घंटी है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने के कारण लू और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इस मौसम में हल्की सी लापरवाही भी शरीर को गंभीर बीमारियों की ओर धकेल सकती है।

### आशा वर्कर यूनियन का सम्मेलन संपन्न



**फरीदाबाद।** आशा वर्कर यूनियन हरियाणा (सीटू) का छठवां जिला सम्मेलन कार्यालय में संपन्न हुआ। यूनियन की राज्य प्रधान सुरेखा व सीटू के जिला अध्यक्ष निरंतर पाराशर की देखरेख में संपन्न हुए जिला सम्मेलन में सर्व सम्मति से हेमलता को जिला प्रधान, सुधा को सचिव व नीलम को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा 27 सदस्यीय जिला कमेटी का चुनाव किया गया।

### ऑपरेशन के बाद युवक की मौत, हंगामा




**गाजियाबाद।** कौशाम्बी थानाक्षेत्र स्थित यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में हर्निया ऑपरेशन के बाद उज्ज्वल चौधरी की मौत से गुस्साए ग्रामीणों व किसान यूनियन ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाए। इससे पहले दो जून को परिजनों ने अस्पताल पर हंगामा किया था।

### चोरों ने पूर्व एसीएस के घर की सेंधमारी



**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-3 एरिया एडिशनल चीफ सेक्रेटरी डॉ. जी प्रसन्ना कुमार के घर में सेंधमारी कर बाथरूम और किचन की महंगी टोटियां तक उखाड़ ले गए। यही नहीं चोरों ने पानी की पाइप, खिड़कियों के शीशे और दरवाजों के ताले तोडक़र भारी नुकसान पहुंचाया। शिकायत मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरु कर दी।डीएलएफ फेस 3 में स्थित उनके मकान की माली विनोद कुमार देखभाल करते हैं।

### दो हजार रुपए के विवाद में हत्या, तीन गिरफ्तार



**गुरुग्राम ।** फर्रुखनगर थाना एरिया में दो हजार रुपए के विवाद में केयर टेकर की गला घोंटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को दिल्ली-झज्जर से काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान राहुल (20), सूरज (23) व बिट्टू उर्फ कमांडो (31) के रूप में हुई है।

### कंपनी कर्मी ने फंदा लगाकर की खुदकुशी



**गुरुग्राम ।** फर्रुखनगर में कंपनी कर्मी ने कमरे में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। शिकायत में राधे श्याम ने बताया कि 24-25 साल का एक युवक रूम किराए पर लिया था।

**60 मीटर चौड़ी आउटर रिंग रोड के निर्माण का प्लान तैयार करने के दिए निर्देश**

# आउटर रिंग रोड के निर्माण के बाद मिलेगा एक बड़ी आबादी को लाभ

**समीक्षा बैठक के दौरान सामने आया कि साल 2018 के दौरान 6 किलो मीटर के हिस्से में सरकुलर प्लान में 45 मीटर चौडी आउटर रिंग रोड के निर्माण का खाका तैयार किया गया था। जबकि जोनल प्लान में 60 मीटर चौडी आउटर रिंग रोड प्रस्तावित की गई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

आउटर रिंग रोड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद राजनगर एक्सटेंशन समेत एक बडी आबादी को लाभ प्राप्त होगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने अर्जन विभाग को प्रस्तावित रिंग रोड 45 मीटर के स्थान पर 60 मीटर का प्लान तैयार करते हुए प्रस्तुत करने के दिशा निर्देश दिए है। मंगलवार को समीक्षा बैठक के दौरान सामने आया कि साल 2018 के दौरान 6 किलो मीटर के हिस्से में सरकुलर प्लान में 45 मीटर चौडी आउटर रिंग रोड के निर्माण का खाका तैयार किया गया था। जबकि जोनल प्लान में 60 मीटर चौडी आउटर रिग रोड प्रस्तावित की गई है।

**जीडीए सीधे किसानों से अर्जित करेगा जमीन**



### जमीन विवाद के कारण निर्माण कार्य प्रभावित

किसानों से मतभेद एवं कुछ किसानों के अदालत की शरण लेने के परिणाम स्वरूप आउटर रिंग रोड के निर्माण का कार्य गति नहीं पकड पाया। बैठक के दौरान ये भी सामने आया कि नूर नगर में करीब 553 मीटर एवं भोवापुर अटौर में करीब 1010 मीटर एवं शाहपुर मोरटा के करीब 548 मीटर के हिस्से में विवाद के चलते आउटर रिंग रोड के निर्माण का कार्य प्रभावित है। बैठक के दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि आउटर रिंग रोड के लिए जमीन प्राधिकरण अर्जन विभाग के माध्यम से अर्जित करेगा।इसी के मद्देनजर कार्रवाई को तेज किया जाए। ये भी स्पष्ट किया कि जिन किसानों के द्वारा अभी भी मतभेद उत्पन्न किया जा रहा है,उनसे सुलह के प्रयास किए जाए। ताकि आने वाले वक्त मे आउटर रिंग रोड के निर्माण के बाद उसका एक बडी आबादी को लाभ प्राप्त हो सकें।जीडीए के निर्माण विभाग के द्वारा आउटर रिंग रोड के मद्देनजर डिमार्केशन की मुहिम आंरभ कर दी गई है। जिस कडी मे मंगलवार को जीडीए के अभियंत्रण अनुभाग तथा अर्जन अनुभाग की संयुक्त टीम के द्वारा डिमार्केशन करते हुए पिलर लगाने का कार्य किया गया। साथ ही 60 मीटर के प्रस्तावित एलाइनमेंट को भी चेक किया गया।

**राजेश नागर ने की खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ पंचकूला में बैठक**

# खाद्य आपूर्ति व्यवस्था में आवश्यक सुधार के लिए मंत्री ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर ने विभागीय अधिकारियों के साथ पंचकूला में एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वह समय पर पूरा राशन डिपो तक पहुंचने की व्यवस्था करें जिससे कि उपभोक्ता को कोई दिक्कत पेश नहीं आए।

मंत्री ने मीडिया को बताया कि खाद्य आपूर्ति की व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन हुए हैं लेकिन मौजूद अन्य शिकायतों को दूर करने के लिए भी हमने बैठक की है। उन्होंने बताया कि इस महीने का राशन 30 मई तक सभी डिपो में पहुंच चुका था, केवल दो प्रतिशत दुकानों में किसी कारण से आपूर्ति में बाधा आई है। उसे भी हम जल्द ही दूर कर लेंगे। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि राशन डिपो पर पूरा राशन एक साथ पहुंचे, जिससे कि उपभोक्ता को बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। नागर ने कहा कि कई बार आपूर्ति न होने के कारण अनाज और तेल अलग-अलग समय पर पहुंचता है, जिससे उपभोक्ता को कई बार राशन के लिए चक्कर लगाना पड़ता है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने सभी जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रकों को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि वह नियमित आधार पर सभी डिपो का निरीक्षण करें और उसकी मासिक आधार पर रिपोर्ट विभाग में जमा करें। उन्होंने कहा कि तय करें कि गरीबों को उसका राशन समय पर और पूरा मिलेए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**खास बातें**

- 2% दुकानों में किसी कारण से राशन आपूर्ति में बाधा आई
- करीब चार लाख राशन कार्ड धारकों ने कभी राशन नहीं लिया



### 2014 के बाद भारत पकड़ चुका विकास की राह

एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि विभाग को पता चला कि करीब चार लाख राशन कार्ड धारकों ने कभी राशन नहीं लिया है। इसके बाद उनकी जांच कर रद्दीकरण की कार्रवाई शुरू की गई है।
मंत्री राजेश नागर ने कहा कि 2014 के बाद का भारत विकास की राह पकड़ चुका है। आज आप तमाम क्षेत्रों में 2014 से पहले और 2014 के बाद की व्यवस्थाओं की सूची बनाएंगे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार के विकास को देखकर खुश होंगे। उन्होंने कहा कि आज देश में 150 एयरपोर्ट, 24 एम्स के साथ-साथ हर गांव में बिजली पहुंचाने का काम किया गया है। वहीं किसानों के मुआवजे की व्यवस्था को सरल किया गया है। इसके साथ-साथ रोड और रेलवे की कनेक्टिविटी को मजबूती दी गई हैए जिससे आज भारत दुनिया में आर्थिक रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गया है। जबकि 2014 से पहले यह 11 में स्थान पर हुआ करता था।
उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी आज मेडल टैली में बहुत उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। उसके पीछे हमारी सरकार द्वारा खिलाडियों को दी जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाएं भी सहयोगी हैं। इनमें नए स्टेडियम, व्यायामशाला और अच्छे कोच की व्यवस्था करना भी शामिल है। बैठक में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, अतिरिक्त निदेशक जगदीप ढांडा, संयुक्त निदेशक डॉ अनीता खरब एवं डॉ मेघना कंवर, संयुक्त नियंत्रक खाद्य यशवीर दलाल सहित सभी जिलों के खाद्य आपूर्ति अधिकारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**डीसी की अध्यक्षता में समिति की बैठक**

# बेसहारा पशु चिन्हित कर गो आश्रय स्थल पहुंचाए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बेसहारा पशुओं की देखभाल एवं उनके रख-रखाव को लेकर गहन चर्चा की गई।

बैठक में डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में यदि कोई भी बेसहारा पशु सड़कों, मुख्य मार्गों या सार्वजनिक स्थानों पर घूमता पाया जाता है, तो उसे नियमानुसार चिन्हित स्थलों या गो.आश्रय स्थलों पर पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं की खुले में आवाजाही से सडक़ दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, जिससे पशुओं के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ऐसे स्थलों की पहचान करें जहां स्थायी गोशालाओं का निर्माण किया जा सके। इस प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं एवं पशुपालन विभाग का सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

### समय सीमा में हो आवश्यक कार्यवाही

उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता पशु कल्याण के साथ-साथ जन सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित विभागों को सख्ती से दिशा-निर्देशों का पालन करने और निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए। इस बैठक में एसडीएम फरीदाबाद अमित गुलिया, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, नगर निगम संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, सीटीएम अंकित कुमार तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पाठकों को निशुल्क सुविधा देगी द कोफोर्ज पब्लिक लाइब्रेरी, 16,000 पुस्तकों का संग्रह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कोफोर्ज लिमिटेड ने सीएसआर के तहत अपनी दूसरी लाइब्रेरी 'द कोफोर्ज पब्लिक लाइब्रेरी का शुभारंभ गुरुग्राम के सेक्टर-48 में किया। इस अवसर पर स्थानीय स्कूलों और समुदायों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

कोफोर्ज की ग्लोबल हेड-ब्रांडिंग और सीएसआर, अनुराधा सहगल ने लाइब्रेरी का उद्घाटन करते हुए कहा कि कोफोर्ज पब्लिक लाइब्रेरी एक दिल से निकली पहल है, जो कोफोर्ज की सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस स्थान को बहुत प्रेम और देखभाल के साथ डिज़ाइन किया गया है, इसमें 16,000 पुस्तकों का संग्रह बहुत सोच-समझकर तैयार किया गया है। लाइब्रेरी 15,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैली हुई है और इसमें 160 लोगों के बैठने की सुविधा है। यहा आईपैडस के ज़रिए हज़ारों डिजिटल टाइटल्स तक पहुच उपलब्ध है। इसके अलावा, बच्चों के लिए एक विशेष ज़ोन भी बनाया गया है, जहां वे खेल-खेल में किताबों की दुनिया से जुड़ सकें और सीखने की प्रेरणा पा सकें। लाइब्रेरी में 16,000 से अधिक पुस्तकों का एक समृद्ध संग्रह है, जिसमें 2,000 हिंदी पुस्तकें भी शामिल हैं। यह संग्रह सभी लोकप्रिय विधाओं को कवर करता है - जैसे कि फिक्शन, नॉन-फिक्शन, बच्चों का साहित्य, सेल्फ-हेल्प, बिजनेस, आध्यात्म, कला, तकनीक, फोटोग्राफी, कविता और बहुत कुछ। इस संग्रह में 13,000 से अधिक विशिष्ट लेखकों की रचनाएं शामिल हैं, जो 350 से अधिक प्रमुख प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित की गई हैं।

## फरीदाबाद में कांग्रेस फिर से खड़ा करेगी मजबूत संगठन

**फरीदाबाद।** एआईसीसी से फरीदाबाद के ऑब्जवर एवं लोकसभा सांसद मनिकम टैगोर ने कहा है कि फरीदाबाद सहित हरियाणा में कांग्रेस संगठन को पुनः मजबूती से खड़ा करने की कवायद शुरु हो चुकी है, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिार्जुन खरगे और राहुल गांधी के दिशा निर्देशानुसार कर्मठ और मेहनती कार्यकर्ताओं को संगठन में समायोजित किया जाएगा। कांग्रेस हाईकमान हरियाणा में जल्द संगठन बनाने के लिए गंभीर है और मुझे जिम्मेदारी दी गई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C./ 84 BNSS देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जय प्रकाश पुत्र** हरि ओम **निवासी: JB-6/185**, वेलकम, दिल्ली ने **FIR. No. 724/14 U/s 25 Arms Act. थाना: वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जय प्रकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जय प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 724/14 U/s 25 Arms Act. थाना: वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिपाक्षी राणा
जेएमएफसी-03, कमरा नं. 19
कड़कड़डूमा कोर्ट शाहदरा, दिल्ली

DP/7340/NE/2025
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक | एमडीयू रोहतक में विभिन्न विभागों से सिलिंग फैन्स, डेजर्ट कूलर मोटर की मरम्मत हेतु वार्षिक दर अनुंबध। | 09.06.2025 01.07.2025 | 9.22 लाख | https://mdu.ac.in. https://works.haryana.gov.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in & etenders.hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35513/I/88/7 दि. 10.06.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | एचटीईटी-2024 और अन्य परीक्षाओं हेतु मैटल डिटेक्टर सहित तलाशी लेने के लिए। | 10.06.2025 17.06.2025 | 41.30 लाख | http://www.bseh.org.in | 9991415007 ascc@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35514/I/88/7 दि. 10.06.25

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

**विषय : शेष हरियाणा और मेवात कैडर (विज्ञा. सं. 26/2023 और 36/2023) हेतु कम्प्यूटर साइंस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पदों के लिए भर्ती।**

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर हेतु (विज्ञा. सं. 26/2023) और मेवात कैडर हेतु (विज्ञा. सं. 36/2023) कम्प्यूटर साइंस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि कुछ उम्मीदवारों ने उपरोक्त पद के लिए विभिन्न पंजीकरण संख्या / मोबाइल नम्बर / ई-मेल आईडी / श्रेणी इत्यादि सहित मल्टीपल आवेदन प्रपत्र जमा करवाए थे। अतः, आयोग ने उनके पंजीकरण संख्या और श्रेणी उल्लेखित करते हुए सभी उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र जारी करने का निर्णय लिया है। मल्टीपल प्रवेश-पत्रों की प्राप्ति में उम्मीदवारों को उनकी च्वाइस के एक अनुक्रमांक के तहत उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है और उन पर आगे भर्ती प्रक्रिया के लिए केवल उसी विशेष अनुक्रमांक के लिए आयोग द्वारा विचार किया जाएगा।

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 10.06.2025
संवाद-1156/13/330/2026/35518/88/7 दि. 10.06.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत अम्बाला कैंट निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा अम्बाला कैंट के तहत 2 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 63 और 12552)। | 06.06.2025 12.06.2025 | 33.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा में स्पीच एवं श्रवण बाधिता वाले व्यक्तियों के लिए आर.के.जे. कल्याण केन्द्र में सोलर पावर प्लांट (ग्रिड पर) का प्रावधान। | 09.06.2025 16.06.2025 | 8.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | थानेसर निर्वाचन क्षेत्र के कार्य कार्यक्रम एमडीआर के तहत कुरुक्षेत्र ढांड रोड से (कि.मी. 0.00 से 15.00) (एमडीआर-119) रोड का मजबूतीकरण (रोड आईडी 8036)। | 05.06.2025 26.06.2025 | 556.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744239442 pwd-eepd1-kurukshetra@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज रोहतक | गांव बहुअकबरपुर खण्ड रोहतक में धाएलावाला चौक से मोखरा रोड शमशान घाट तक आईपीबी गली का अपग्रेडेशन और रिपेवमेंट (वीएएनजीवाई) + 4 कार्य। | 06.06.2025 19.06.2025 | 24.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprrohtak134@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज हिसार | राजली, बरवाला, जांगड़ा चौपाल का निर्माण (एमपी) + 3 कार्य। | 09.06.2025 16.06.2025 | 31.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | बाखली कलां 55.50 - ब्लॉक पेहोवा, जिला कुरुक्षेत्र में एसएचसी का निर्माण + 3 कार्य। | 06.06.2025 23.06.2025 | 164.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज रोहतक | एमपी - गांव भैणी मातो में शिव मंदिर के निकट धर्मशाला में हॉल, शौचालय का निर्माण और आईपीबी बिछाना। | 06.06.2025 12.06.2025 | 9.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 8 | जिला परिषद सोनीपत | गांव शेखपुरा ब्लॉक गन्नौर, डिवीजन सोनीपत में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 05.06.2025 12.06.2025 | 112.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 9 | सिविल सर्जन, फतेहाबाद | दंत मदें, उपकरण / इंस्ट्रूमेंट और छोटे उपकरण इत्यादि। | 12.06.2025 28.06.2025 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996913229 cds.ftb1@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन, रेवाड़ी | सिविल हॉस्पीटल रेवाड़ी के एचवीएसी सिस्टम के ऑपरेशनल सीएमसी हेतु निविदा सूचना। | 13.06.2025 20.06.2025 | ईएमडी 85,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9813813469 dhs.csrwr@hry.nic.in |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | मामेर खेड़ा :- गांव मामेर खेड़ा में वितरण पाइप लाइन को बदलना, स्लूइस वॉल्व हौदियों का निर्माण, टैप कनेक्शन को बहाल करना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य। | 06.06.2025 20.06.2025 | 88.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 13 | कृषि एवं किसान कल्याण, हरियाणा, पंचकूला | बुंगा डैम की रिमॉडलिंग। | 09.06.2025 30.06.2025 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466026713 ascopanchkula21@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/240/35534/I/88/7 दि. 10.06.25

## 'आप' महिला विंग ने भाजपा के खिलाफ किया मटका फोड़ प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पानी की कमी और और गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या बरकरार है। पानी की किल्लत को लेकर मंगलवार को नांगलोई विधानसभा में आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली महिला विंग की अध्यक्ष सारिका चौधरी के नेतृत्व में महिलाओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ मटका फोड़ प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने दिल्ली सरकार से साफ और पूरा पानी देने की मांग की। सारिका चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने दिल्ली की प्यास बुझाने के नाम पर लोगों को सिर्फ खोखले वादे दिए। जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही है। भाजपा की चार इंजन की सरकार दिल्लीवालों की जरूरतें पूरी करने में फेल है। इस दौरान स्थानीय पार्षद संतोष समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सारिका चौधरी ने कहा कि नांगलोई के बी ब्लॉक में पानी की भारी समस्या है। रात के एक बजे सिर्फ आधा या एक घंटे के लिए पानी आता है, वह भी गंदा और बदबूदार पानी आता है। इस पानी को पीना, नहाना या घर के कामकाज के लिए इस्तेमाल करना असंभव है। बिना पानी के घर का कोई काम नहीं हो पाता। महिलाएं इस समस्या से सबसे ज्यादा परेशान हैं।

### आग से बचने के लिए इमारत से कूदे थे

# इमारत में आग लगने से पिता और दो बच्चों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



द्वारका इलाके में मंगलवार सुबह एक रिहायशी इमारत में आग लगने की घटना सामने आई। आग इमारत की आठवीं और नौवीं मंजिल पर लगी थी। आग से बचने के लिए यश यादव (35) नामक शख्स और उसके दो बच्चे इमारत से कूद गए। तीनों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मरने वालों बच्चों की उम्र 10 से 12 साल के बीच बताई गई है। यादव की पत्नी और भतीजी को भी घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि यश यादव का फ्लेक्स बोर्ड का कारोबार था। यह परिवार सेक्टर 13 स्थित 'सपथ सोसाइटी' की ऊपरी दो मंजिलों पर डुप्लेक्स में रहता है। इस घटना के वीडियो भी सामने आये हैं जिनमें इमारत से आग की लपटें और घना धुआं निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। जबकि नीचे लोग अपनी-अपनी बालकनी में हैं और मदद के लिए गुहार लगा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि आग आठवीं और नौवीं मंजिल पर लगी थी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार सुबह 10.01 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। शुरू में दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी, लेकिन आग की भीषण स्थिति स्पष्ट होने पर दमकल की और गाड़ियां घटनास्थल भेजी गई। आग को काफी दूर से देखा जा सकता था। पुलिस के अनुसार आग की सूचना मिलते ही सोसाइटी के सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया था तथा बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी आवश्यक सेवाएं बंद कर दी गई थी। दिल्ली विकास प्राधिकरण और दिल्ली नगर निगम को इमारत की संरचनात्मक स्थिरता का आकलन करने के लिए सूचित कर दिया गया है। आग में फंसे लोगों के लिये की जा रही थी दुआएं इमारत से निकल रहा धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था। सातवीं मंजिल के फ्लैट से लपटें निकल रही थी। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में राहगीरों को अपने मोबाइल फोन पर आग की तस्वीरें लेते हुए देखा जा सकता है। एक महिला द्वारा पास की इमारत से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में आवाज सुनाई दे रही थी, जिसमें कहा जा रहा था कि भगवान आग में फंसे लोगों की मदद करें। जो लोग इमारत से बाहर निकल पाए, उन्होंने अंदर फंसे लोगों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। छठी मंजिल पर मौजूद लोगों को खिड़कियां तोड़ते देखा गया। जो लोग निचली मंजिलों पर थे, वे जल्दी बाहर निकलने में कामयाब रहे। लेकिन जो लोग ऊपर थे, उन्हें बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि हमने देखा कि कुछ लोग बालकनी पर चढ़कर मदद के लिए संकेत देने की कोशिश कर रहे थे। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। आग बुझाने का काम शाम तक जारी रहा।

### मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र की फैक्टरी में लगी आग

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को एक रबर फैक्टरी में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार सुबह करीब 10.36 पर आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दमकल की 11 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। आग रबर बनाने वाली फैक्टरी में लगी थी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## कुख्यात गैंगस्टर हासिम बाबा की पत्नी और साला अरेस्ट



- जोया खान पर हथियार तस्करी और वसूली के केस दर्ज
- तीन पिस्टल और कई कारतूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी जोया खान और साले अमन को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा 1,49,000 रुपये नकदी भी बरामद हुई है। आरोपी अमन पहले हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत सात मामलों में शामिल रहा है। पूछताछ में पता चला कि बरामद हथियार गिरोह के अन्य सदस्यों को आपूर्ति करने के लिए थे।

डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार स्पेशल सेल की ट्रांस यमुना रेंज नियमित रूप से क्षेत्र में सक्रिय गिरोह के सदस्यों के बारे में जानकारी विकसित कर रही थी। टीम ऐसे अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रख रही थी और इन अपराधियों को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। टीम ने ऐसे कई गिरोह के सदस्यों के बारे में जानकारी एकत्र की और उनका सत्यापन किया। कई दिनों की कड़ी मेहनत के बाद टीम को आखिरकार सफलता तब मिली जब एएसआई वीरेंद्र बालियान को हाशिम बाबा गिरोह के सक्रिय बदमाश अमन की गतिविधियों के बारे में जानकारी मिली। टीम ने तुरंत कार्रवाई की और मदर डेयरी, वेलकम के पास जाल बिछाकर अमन को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसकी बहन जोया ने दिल्ली के सुभाष पार्क एक्सटेंशन में रहने वाली एक महिला को हथियारों से भरा एक बैग दिया था। इसके बाद आरोपी की निशानदेही पर छापेमारी की गई और कथित बैग बरामद किया गया जिसमें दो पिस्तौल और 1,49,000 रुपये की नकदी मिली। जांच के दौरान आरोपी जोया पत्नी आसिम उर्फ हाशिम बाबा को भी वर्तमान मामले में गिरफ्तार किया गया। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

## बीएसए अस्पताल में डॉक्टर से बदसलूखी

- पुलिस ने आरोपी पांच महिलाओं को किया बाउंड

**नई दिल्ली।** बाबा साहेब अंबेडकर (बीएसए) अस्पताल में डॉक्टर से बदसलूखी व मारपीट करने का मामला सामने आया है। डॉक्टर पर महिलाओं ने हमला किया। इस हमले के संबंध नॉर्थ रोहिणी पुलिस ने कार्रवाई करते हुये पांच महिलाओं को बाउंड किया है। पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर बीएसए अस्पताल से डॉक्टर पर हमले के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। इसके पश्चात आईओ अस्पताल पहुंचे। पता चला कि दोपहर दो बजे के करीब चार से पांच लोगों द्वारा डॉक्टर पर शारीरिक हमला किया गया। इसके बाद डॉक्टर को उपचार हेतु अस्पताल में ही भर्ती करवाया गया था। हमला करने वाले बक्करवाला निवासी सोनिया नाम की मरीज के परिचारक थे। पीड़ित डॉक्टर ओबीजीवाई ओपीडी से वार्ड नंबर 12 में अपनी ड्यूटी करने जा रही थी। वह अपनी ड्यूटी पर थी, तब उन्हें रोका गया और महिलाओं ने उन पर हमला किया। सोनिया वार्ड नंबर 11 में भर्ती थी। डॉक्टर का आरोप है कि उनके साथ मारपीट की गई और उनके बाल भी खींचे गये। महिलाओं ने उनके कपड़े भी फाड़ने की कोशिश की। पूछताछ में पता चला कि मरीज सोनिया को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुबह नवजात शिशु की मौत हो गई और गुस्से में उन्होंने महिला डॉक्टर पर हमला कर दिया। महिलाओं के खिलाफ नॉर्थ रोहिणी थाने में संबंधित धाराओं में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। मामले में सभी पांच महिलाओं को बाउंड डाउन के बाद रिहा कर दिया गया।

## 1731 कॉलोनियों का नियमितिकरण करना एक बड़ी उपलब्धि : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पीएम का रिफॉर्म, परफॉर्म एवं ट्रांसफॉर्म मंत्र, नए भारत के विकास को दे रहा नया आयाम : सचदेवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नया शासकीय मूल मंत्र दिया है - रिफॉर्म, परफॉर्म एवं ट्रांसफॉर्म, जो नये भारत को विकास के नये नये आयाम दे रहा है। यह बात मंगलवार को केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश भाजपा कार्यालय पर आयोजित संयुक्त प्रैसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कही। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की संयुक्त प्रैसवार्ता में सचदेवा ने कहा कि भारत के इतिहास में यह पहली सरकार है जिसको लेकर जन जन का विश्वास है कि मोदी है तो मुमकिन है, यानि यह सरकार असम्भव को भी संभव बना सकती है। इस प्रैसवार्ता में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की दिल्ली संयोजक सांसद कमलजीत सहरावत भी उपस्थित रहीं। सचदेवा ने कहा की सामाजिक संवेदना एवं दृढ़ संकल्प के साथ काम करती मोदी सरकार वह सरकार बनी है जिसके चलते अभूतपूर्व विज्ञान विकास जिसका प्रमाण है चंद्रयान यात्रा, आर्थिक विकास अब भारत विकसित पांच अर्थव्यवस्था में एक है, गरीब एवं महिलाओं के सम्मान के प्रति संवेदनशील बिन मांगे इज्जत घर देना हो या फिर मुफ्त राशन, देश का मजबूत रक्षा चक्र जिसका ताज़ा प्रमाण दुनिया ने मई 2025 में फिर देखा जब भारत ने पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा और खेल एवं सांस्कृतिक विकास जो अंतरराष्ट्रीय खेलों में और अयोध्या, काशी, उज्जैन में साफ दिखता है आज सरकार की नई पहचान बने हैं।

## झुग्गियों पर बुलडोजर कार्रवाई का आतिशी ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- केजरीवाल ने कहा, मात्र तीन महीनों में ही भाजपा ने दिल्ली को किया बर्बाद

कालकाजी में झुग्गियों पर बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में नेता विपक्ष आतिशी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान आतिशी को हिरासत में लेकर पुलिस भूमिहीन कैंप से 43 किलोमीटर दूर बाबा हरिदास नगर थाने ले गई। जहां बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। दरअसल मंगलवार को कालकाजी विधानसभा स्थित भूमिहीन कैंप में आतिशी बुलडोजर के खिलाफ झुग्गीवालों का साथ देने पहुंची थीं। आतिशी के पहुंचने से पहले ही बड़ी तादात में पुलिस बल तैनात कर रखा था। इस कार्रवाई के खिलाफ आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि गरीबों की आवाज उठाने पर हमारे नेताओं की गिरफ्तारी तानाशाही है। वहीं भूमिहीन कैंप पहुंची आतिशी ने कहा कि भाजपा दिल्ली में सभी झुग्गियों को तोड़ने वाली है। आज मुझे जेल में ले जा रही है, क्योंकि इन झुग्गीवालों की आवाज उठा रही हूं। सीएम रेखा गुप्ता को इन गरीबों की हाय लगेगी। भाजपा कभी दिल्ली में वापस नहीं आ पाएगी। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि एक भी झुग्गी को तोड़ा नहीं जाएगा। झुग्गियों को छुआ भी नहीं जाएगा। इसके बावजूद आज भूमिहीन कैंप में भारी तादात में फोर्स खड़ी है। आतिशी ने कहा कि भाजपा सरकार बुधवार को भूमिहीन कैंप में बुल्डोजर चलाने वाली है। भूमिहीन कैंप में रहने वाले जिन लोगों के बुधवार को घर उजड़ने वाले हैं, वह इसके विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। यहां रहने वाले लोग अपने कागजात लेकर खड़े थे और कह रहे थे कि हमारे घर मत उजाड़ो। उन लोगों को पूरी बर्बरता के साथ डंडे मार-मार कर भगाया गया और हिरासत में लिया गया।

आतिशी ने कहा कि जब भूमिहीन कैंप के लोगों को जबरदस्ती निकाला जा रहा था, तब विरोध करने वालों को बर्बरता से डंडों से मारा गया। कई निवासियों को हिरासत में लेकर फतेहपुर बेरी पुलिस स्टेशन ले जाया गया। जब मैं वहां पहुंची, तो पुलिस ने मेरे साथ धक्कामुक्की की और मुझे हिरासत में लेकर झड़ौदा कलां ले गई, जो कालकाजी से 40-45 किलोमीटर दूर है। डीसीपी साउथ ईस्ट हेमंत तिवारी और गोविंदपुरी एसएचओ धर्मवीर सिंह ने महिलाओं के साथ हाथापाई की, डंडे चलाए। आप उनके खिलाफ शिकायत करेगी।

## अवैध रूप से रह रहे 92 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने बाहरी दिल्ली में 92 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंगोलपुरी रेलवे लाइन के पास नौ जून को एक विशेष अभियान के दौरान 31 पुरुषों, 22 महिलाओं, 24 नाबालिग लड़कों और 15 नाबालिग लड़कियों सहित कुल 92 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद की गई जिसमें बताया गया था कि अवैध अप्रवासियों का एक समूह क्षेत्र छोड़ने की तैयारी कर रहा है। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सचिन शर्मा ने बताया, "जैसे ही पुलिस टीम रेलवे लाइन के पास पहुंची तो उसने देखा कि तीन से चार अलग-अलग समूह ट्रेन पकड़ने के लिए तैयार खड़े हैं, जिनके पास सामान भी है। पुलिस को देखकर बांग्लादेशी नागरिक तितर-बितर होने लगे, लेकिन अधिकारियों ने तुरंत उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। शर्मा ने बताया कि इनमें से कोई भी वैध यात्रा या पहचान दस्तावेज नहीं दिखा सका। जांच में पाया गया कि इनके पासपोर्ट और वीजा की अवधि समाप्त हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समन्वय से निर्वासन की कार्यवाही शुरू की गई है। अधिकारी ने बताया कि संदेह है कि अधिकतर लोग बेहतर आजीविका के अवसरों की तलाश में भारत में आये थे तथा निजी क्षेत्र में या मजदूर के रूप में काम कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने बताया कि इस साल अब तक हिरासत में लिए गए 242 बांग्लादेशी नागरिकों में से 86 को मुंडका पुलिस ने टिकरी बॉर्डर के आसपास के इलाकों से, पांच को रनहौला पुलिस ने नाला रोड से और 151 को विदेशी प्रकोष्ठ ने पीरागढ़ी कैंप, मंगोलपुरी, निहाल विहार और सुल्तानपुरी से पकड़ा है। इसके अतिरिक्त, मंगलवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार इलाके में तीन नाबालिगों समेत पांच बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दिल्ली के किसानों से करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- ड्रोन के माध्यम से खेती में तकनीक के प्रयोग का करेंगे अवलोकन

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 11 जून 2025 को दिल्ली के किसानों से संवाद करेंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों, अनुसंधान और सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, उजवा और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा की भागीदारी रहेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह दोपहर 3 बजे तिग्गिपुर, बख्तावरपुर, उत्तरी दिल्ली में किसानों से बातचीत करेंगे। किसान चौपाल के माध्यम से किसानों से संवाद होगा। उसके बाद केंद्रीय कृषि मंत्री ड्रोन के माध्यम से खेती में तकनीक के प्रयोग का अवलोकन करेंगे। तत्पश्चात, पदयात्रा करते हुए किसानों से मिलेंगे और फिर पौधारोपण के बाद मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### जिला बैठकों में यादव के दिशा निर्देश, 5-10 जुलाई बीच चलेंगे जिला एवं ब्लाक में ट्रेनिंग कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटियों की मासिक बैठकों के दौरान कई दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अगले माह 5-10 जुलाई बीच चलेंगे जिला एवं ब्लाक स्तर पर ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। इसके अलावा इसी महीने यानी 25 से 30 जून के बीच बढ़ते नशे के विरुद्ध विधानसभा स्तर पर जागरुकता अभियान चलाना होगा। जबकि जागरुकता अभियान के तहत रैली और धरना प्रदर्शन आयोजित करना है। वहीं यादव ने बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी की वेबसाइट, रामनगर और नंद नगरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के कार्यालयों का भी उद्घाटन किया। सभी 14 जिला कांग्रेस कमेटियों की कार्यकारिणी बैठकों में यादव के अलावा जिला अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के साथ पूर्व विधायक, लोकसभा आब्र्जवर, जिला आब्र्जवर, ब्लाक अध्यक्षों सहित अग्रिम संगठनों महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवा दल और एनएसयूआई और सेल एवं विभागों के पदाधिकारी भी शामिल हुए। जिला कांग्रेस की बैठकों संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया और जिला के क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बैठकों में चर्चा हुई।

### युवाओं की लड़ाई लड़ रहे राहुलः यादव

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में होने वाले रोजगार मेले में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के सभी ब्लॉक क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। इसकी घोषणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मंगलवार को एक जिला कांग्रेस कमेटी में अपने संबोधन के दौरान की। यादव ने कहा कि युवाओं की लड़ाई लड़ रहे हमारे नेता राहुल गांधी का जन्म दिन आगामी 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अपने सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए आगामी 15 तारीख से पहले प्रत्येक ब्लॉक में 12वी पास कम से कम 25 बेरोजगार युवाओं एवं ब्लॉक के क्षेत्र में चल रहे कोचिंग सेंटरों को चिन्हित कर बच्चो का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस के सहयोग से माननीय राहुल गांधी के जन्मदिन 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे रोजगार मेले में दिल्ली भर के बेरोजगार युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करके उन्हें रोजगार दिलाने में सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अहम भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। अगर देश का युवा ही बेरोजगार होगा तो भारत का विकास नहीं हो सकता।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित तनवर पुत्र** बलबीर तनवर **निवासी:** म.नं. 251, डेरा गाँव, दक्षिण दिल्ली ने **FIR No. 13335/24 U/s 380/411/34/120B IPC & FIR No. 80053309/24 U/s 380/457/411/34 IPC. थाना: फतेहपुर बेरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अंकित तनवर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अंकित तनवर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 13335/24 U/s 380/411/34/120B IPC & FIR No. 80053309/24 U/s 380/457/411/34 IPC. थाना: फतेहपुर बेरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अंकित तनवर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।


**आदेशानुसार**
**आशीष कुमार मीणा**
**जेएमएफसी-01 (दक्षिण), कमरा नं. 214**
**साकेत कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7364/SD/2025**
**(Court Matter)**


## दिल्ली कैबिनेट ने दी फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता अध्यादेश को मंजूरी

# यह अध्यादेश प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर लगाएगा लगाम : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली कैबिनेट ने मंगलवार को दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अध्यादेश 2025 को मंजूरी दे दी है। इस बात की जानकारी मंगलवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्रैसवार्ता में दी। सूद ने बताया कि दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता हुई कैबिनेट की आठवीं बैठक में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अध्यादेश 2025 को मंजूरी दे दी गई है। सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंगलवार को हुए निर्णय के बाद दिल्ली के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले दिल्ली के मेहनतकश माता-पिता और उनके बच्चों का भविष्य सवारेगा। साथ ही यह अध्यादेश उन माता-पिता के आर्थिक शोषण को हमेशा के लिए समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प 'सबका साथ सबका विकास' और लोगों के जीवन को आसान, पारदर्शी और गरिमामय बनाने की जो की सोच है उससे प्रेरणा लेते हुए आज दिल्ली सरकार ने यह ऐतिहासिक फैसला लिया है।

### एफएसएल में 100 इंटर्न की तैनाती को मंजूरी

दिल्ली कैबिनेट ने मंगलवार को दिल्ली सरकार के फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) में एक वर्ष की अवधि के लिए वजीफे के आधार पर 100 इंटर्न की तैनाती को भी मंजूरी दी। फोरेंसिक साइंस में विशेष प्रशिक्षण के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम दिल्ली में स्थित विश्वविद्यालयों से निर्धारित योग्यता रखने वाले छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट पहल होगी हालांकि, फोरेंसिक साइंस का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है, और इस क्षेत्र में प्रगति के साथ बने रहना आवश्यक है। फोरेंसिक विज्ञान में विशेष प्रशिक्षण के लिए यह इंटर्नशिप कार्यक्रम हमारी फोरेंसिक प्रयोगशाला के लिए एक उत्कृष्ट पहल होगी।

### राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते हुए लागू हो जाएगा अध्यादेश

शिक्षा मंत्री सूद ने कहा कि राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही अध्यादेश लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अध्यादेश को उपराज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। जैसे ही राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलती है यह कानून रेट्रोस्पेक्टिव इफेक्ट यानी एक अप्रैल 2025 से प्रभावी माना जाएगा। नया अध्यादेश उन पैरेंट्स को भी बड़ी राहत देगा जिनसे निजी स्कूलों ने दबाव डालकर अनुचित तरीके से मनमानी फीस की वसूली की है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए / 84 BNSS**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **(1) अनवर उर्फ करमत अली उर्फ मास्टर, पुत्र:** स्वर्गीय कलाम शेख, **पता:** गली नंबर 3, चर्च वाली गली गांव बहलोलपुर, गहरी गोल चक्कर, सेक्टर–65, ग्रेटर नोएडा, **उत्तर प्रदेश (2) नजरूल उर्फ समीर, पुत्र:** समीर **पता:** मकान नंबर ए–778, गली नंबर 20 श्री राम कॉलोनी खजुरी खास, दिल्ली, ने **FIR No: 238/22, Case No. 8537/22 , U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थाना: लाहौरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) अनवर उर्फ करमत अली उर्फ मास्टर, (2) नजरूल उर्फ समीर,** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) अनवर उर्फ करमत अली उर्फ मास्टर, (2) नजरूल उर्फ समीर,** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) अनवर उर्फ करमत अली उर्फ मास्टर, (2) नजरूल उर्फ समीर, FIR No: 238/22, Case No. 8537/22 , U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थाना: लाहौरी गेट, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**पायल सिंगल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09 (केंद्रीय)**
**केंद्रीय जिला, कमरा नंबर 286**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7414/N/2025**
**(Court Matter)**

## खबर संक्षेप

### झारखंड में कोविड से इस साल पहली मौत

**रांची।** झारखंड में कोविड-19 से इस साल पहली मौत दर्ज की गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने



मंगलवार को बताया कि राज्य की राजधानी रांची में 44 वर्षीय एक व्यक्ति की, मौत हो गई है। वह शख्स मुंबई से लौटा था और टेस्ट कराने पर रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। वह यहां राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज करा रहा था। रांची के सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने पीटीआई को बताया,'मरीज कई बीमारियों से पीड़ित था और उसका कोविड-19 टेस्ट भी पॉजिटिव आया था।

### सऊदी अरब से 55 किग्रा सामान ला सकेंगे हाजी

**लखनऊ।** सऊदी अरब में हज मुकम्मल करने बाद वतन वापसी के समय हाजी अपने साथ 55



किलोग्राम सामान ला सकेंगे। हाजियों की वतन वापसी बृहस्पतिवार से शुरू होगी। हाजियों की पहली उड़ान अब रात 12:25 बजे राजधानी के चौधरी चरण सिंह हवाई अडडे पर पहुंचेगी। इस उड़ान का समय पहले 7:35 बजे तय था। इसी दिन दूसरी उड़ान सुबह 5:45 बजे चौधरी चरण सिंह हवाई अडडे पर पहुंचेगी।

### सेना ने कब्जामुक्त कराई जमीन, चला बुलडोजर

**शाहजहांपुर।** यहां रोडवेज बस स्टैंड के सामने अरसे से काबिज दुकानदारों से सेना ने अपनी



जमीन मंगलवार को खाली करा ली। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध करने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें भगा दिया। बुलडोजर से दो पक्की और शेष अस्थायी दुकानों को हटा दिया गया। दुकान लगाने वाली एक-दो महिलाओं ने विरोध का प्रयास किया तो महिला कांस्टेबल ने पकड़कर किनारे कर दिया। कुछ लोगों की पुलिस से नोकझोंक भी हो गई।

# 4 लाख महिला कर्मियों को आवास देगी नीतीश सरकार

चुनाव से पहले कैबिनेट का फैसला, 22 एजेंडों पर लगी मुहर

बिहार में विधासनभा चुनाव से पहले महिला कर्मचारियों को आवास मुहैया कराने का फैसला नीतीश सरकार ने लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को बिहार कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई, इसमें कुल 22 एजेंडों पर मुहर लगाई।

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में करीब 4 लाख महिला कर्मचारियों को सरकार आवास की सुविधा मुहैया कराएगी। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने महिला कर्मियों के लिए बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को पटना में बिहार कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इसमें कुल 22 एजेंडों पर मुहर लगी है। कैबिनेट निर्णय के अनुसार बिहार में महिला कर्मचारियों को अपनी पोस्टिंग वाली जगह के पास ही आवास की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

राज्य कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में कई और अहम निर्णय लिए गए। पंचायती राज विभाग में निम्नवर्गीय लिपिक के 8093 पदों का सृजन किया गया है। इनकी नियुक्ति ग्राम पंचायत कार्यालय में की जाएगी। कृषि विभाग में भी 14 नए पदों के सृजन को नीतीश कैबिनेट ने मंजूरी दी है। पीएम-जनमन के तहत बिहार के एसटी वर्ग की 9 जनजातियों को पीएम आवास योजना-ग्रामीण का लाभ दिया जाएगा। पटना के लोकनायक जेपी नारायण अस्पताल में स्पोर्ट्स इंजरी इकाई की स्थापना की जाएगी और 36 नए पदों का सृजन किया जाएगा।

### अस्पताल नहीं जाने वाले 7 डॉक्टरों की सरकारी नौकरी गई

बिहार में लापरवाही बरतने वाले सरकारी डॉक्टरों के खिलाफ नीतीश सरकार ऐक्शन मोड में नजर आ रही है। राज्य सरकार ने लंबे समय से अनुपस्थित रहे 7 डॉक्टरों को पद व सेवा से हटा दिया है। इनमें महिला चिकित्सा पदाधिकारी भी शामिल हैं। सरकार ने कुछ को बर्खास्त किया है, तो कुछ की सरकारी सेवा समाप्त कर दी है।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में पटना में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया।कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने मंगलवार को नीतीश मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### महिला कर्मियों को उनके कार्यालय के समीप मिलेगी आवास की सुविधा

कैबिनेट की बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि नीतीश सरकार सरकारी कार्यालयों में कार्य करने वालीं महिला कर्मियों को उनके कार्यालय के निकट आवास की सुविधा देगी। सरकार की इस योजना का लाभ शिक्षिका, महिला सिपाही, पंचायत से सचिवालय तक में कार्यरत महिला कर्मचारियों को मिलेगा।

### 5 सदस्यीय कमेटी निजी मकानों को चिह्नित करेगी

एसीएस ने बताया कि इसके लिए हर जिले में डीएम की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कमेटी निजी मकानों को चिह्नित करेगी और उनके साथ लीज अग्रीमेंट करेगी। सरकारी महिलाओं को किसी प्रकार की दिक्कत होगी तो उसका निराकरण संबंधित एसडीओ करेंगे। सरकार की इस योजना का लाभ राज्य में कार्य करने वालीं लगभग साढ़े 3 से 4 लाख महिला कर्मचारियों को मिलेगा।

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर बोले सीएम योगी

# जहां भाजपा की सरकार वहां गरीब का कल्याण केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियां गिनाईं

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर कहा कि यह कार्यकाल विकसित और आत्मनिर्भर भारत का स्वर्णिम काल है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि सरकार सेवा सुशासन और सुरक्षा को प्राथमिकता देती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरा होने के मौके पर उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि जहां भाजपा की सरकार है वहां गरीब का कल्याण है। उन्होंने इन 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार दिया है। कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों के लिए एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। यह कार्यकाल नए भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर, स्वर्णिम कालखंड के रूप में प्रस्तुत करता है। इसके लिए हम प्रदेश सरकार और प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं।

योगी ने कहा कि सुशासन अब संस्कृति के रूप में देखने को मिल रहा है। 11 वर्ष का यह कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में, सुशासन को संस्कृति के रूप में और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। आजादी के 65 वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व और अन्य अस्थिर सरकारों के कारण आमजन का विश्वास टूटा था, विश्वास खंडित हुआ था, वैश्विक मंच पर भारत की छवि तार-तार हुई थी। पिछले 11 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के रूप में भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला एक ऐसा नेतृत्व मिला है।

**खास बातें**

- यदि कोई युद्ध थोपता है तो जवाब 'आपरेशन सिंदूर'
- जो कार्य 65 वर्ष में नहीं हुए वह 11 वर्ष में हुए
- एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला नेतृत्व मिला है

### आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर समन्वय

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के पंच प्रण व 11 संकल्पों का भी जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2027 में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद ही किसान राजनीतिक एजेंडे में आया है। पहली बार गरीब शासन की योजना का हिस्सा बन पाया है। अब योजनाएं किसी तुष्टिकरण का शिकार नहीं होतीं, बल्कि बिना भेदभाव समाज के प्रत्येक तबके को उसकी संतुष्टीकरण का आधार देने वाली होती हैं। उन्होंने कहा कि आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर



समन्वय हो सकता है, इसे सभी ने महाकुंभ के माध्यम से देखा है। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और अभियान के संयोजक मानवेंद्र सिंह मौजूद थे।

### भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर लगी 11 वर्ष के कार्यकाल पर प्रदर्शनी

मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसमें 65 वर्ष बनाम 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को दिखाया गया है। उन्होंने 11 वर्षों में चलाई गई विभिन्न योजनाओं और उनकी प्रगति के बारे में जानकारी भी ली। प्रदर्शनी में आपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया, जिसे मुख्यमंत्री ने सराहा।

### धारा 370 को समाप्त किए जाने का भी जिक्र

*उन्होंने कहा कि सरकार के 11 साल ऐसे समय में पूरे हो रहे हैं जब पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति को पाकिस्तान में परखा और दुनिया ने भरोसे के साथ उस ताकत को देखा जो अभी आपरेशन सिंदूर के माध्यम से हम सबके सामने है। केंद्र सरकार सज्जनों के साथ शांति से विकास की बात करती है लेकिन कोई हम पर युद्ध थोपेगा, हमारी सुरक्षा पर सेंध लगाएगा, आतंकवाद को प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा तो उसका जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और आपरेशन सिंदूर ही होंगे। उन्होंने धारा 370 को समाप्त किए जाने का भी जिक्र करते हुए कहा कि भारत की अखंडता को कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक भारत श्रेष्ठ भारत के नए माडल के रूप में प्रस्तुत किया है।*

## मुख्यमंत्री योगी बोले

# अब बहराइच में गाजी का नहीं महाराजा सुहेलदेव और मां पाटेश्वरी का मेला लगेगा

### 1243 करोड़ की 384 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



एजेंसी ⏭ बहराइच

यहां चित्तौरा झील के तट पर आयोजित महाराजा सुहेलदेव विजयोत्सव में सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाराजा सुहेलदेव के पराक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि अब कहीं भी किसी विदेशी आक्रांता का महिमा मंडन नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि बहराइच में गाजी का नहीं महाराजा सुहेलदेव का और मंडल में मां पाटेश्वरी का मेला लगेगा।

मुख्यमंत्री अपने हेलीकॉप्टर से चित्तौरा झील के तट पर पहुंचे और 1243 करोड़ की 384 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ ही पांच बच्चों का अन्नप्राशन कराकर तथा महाराजा सुहेलदेव के नाम पर उनका नामकरण कराकर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के मठ मंदिरों को लूटकर भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का मंसूबा लेकर आया सैयद सालार मसूद गाजी को महाराजा सुहेलदेव ने अपनी कूटनीति तथा युद्धनीति से जहन्नुम में पहुंचा दिया।

### सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधा

उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन राजनीतिक दलों ने सत्ता में रहते हुए धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा करने वाले महाराजा सुहेलदेव के पराक्रम को भुलाकर विदेशी आक्रांता को महिमा मंडित कर हर वर्ष उनका विवाह कराते थे। जब से देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में आई तभी से गुजरात में सरदार बल्लभ भाई पटेल की विश्व की लंबी प्रतिमा स्थापित कर उनके योगदान का सम्मान किया। उसके बाद राम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या में राम दरबार सज गया। अयोध्या, मथुरा, काशी तथा नैमिषारण्य का सुंदरीकरण कराया गया और अब आज ही के दिन 10 जून 1034 को विदेशी आक्रांता को धूल चटाने वाले महापराक्रमी चक्रवर्ती सम्राट महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव पर उनकी 17 फुट ऊंची और चालीस फिट लंबी प्रतिमा की स्थापना करने के साथ आजमगढ़ में निर्मित विश्वविद्यालय का नाम महाराजा सुहेलदेव के नाम पर रखा गया।

### यूपी में 15 जून तक कार्यमुक्त होंगे शिक्षक

**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में जिले के अंदर परस्पर तबादला पाने वाले 9272 शिक्षकों को कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराने की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। बेसिक शिक्षा परिषद ने तबादला पाने वाले शिक्षकों को स्कूल से स्कूल तबादला देने व 15 जून तक कार्यभार व कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि शिक्षकों ने आपसी सहमति के आधार पर तबादले का लाभ लिया है।

## पेज एक का शेष

### प्रधानमंत्री ने की विदेश...

को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सभी सातों सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से अपने आधिकारिक आवास सात लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने प्रतिनिधिमंडलों में शामिल रहे विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारियों से उनकी विदेश यात्रा के दौरान मिले अनुभवों और प्रतिक्रिया को जाना व समझा और उसी के साथ उनकी भूमिका की भी सराहना की। पीएम ने अपने आवास पर सभी के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया था। यह जानकारी अपनी एक्स पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री ने दी।

### 23 हजार 622 करोड़...

विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत का भी जिक्र करते हुए कहा, प्रधानमंत्री की सोच और दृढ़ प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि भारत एक आत्मविश्वासी, निर्णायक और अंतरराष्ट्रीय लीडर के रूप में आगे बढ़ा है।

### उत्तर प्रदेश ने...

नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार शपथ ली थी। इसके बाद उन्होंने 2019 और 2024 में लगातार दो बार फिर से प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। 9 जून 2024 को उन्होंने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला।

### वायुसेना के ग्रुप कैप्टन...

अंतरिक्ष स्टेशन मिशन है। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने बताया कि एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### बनास नदी में 11...

के लिए नदी में उतरा था। तभी वे गहरे पानी में चले गए। उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उनमें से 8 को मृत घोषित कर दिया। एसपी ने बताया कि यह अभी साफ नहीं हो पाया कि वह गहरे पानी में कैसे चले गए। उन्होंने बताया कि मृतक जयपुर से पिकनिक मनाने आए थे। सीएम भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख जताया है।

**एक दूसरे को बचाने सभी डूबते गए :** बनास नदी की पुरानी पुलिया के पास में सभी ने पानी में उतरकर नहाना शुरू किया। नहाते समय पहले एक युवक डूबने लगा। उसी को बचाने की कोशिश में एक के बाद सभी डूबते चले गए। इस हादसे की घटना मिलने के बाद सआदत हॉस्पिटल के बाहर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। गमगीन माहौल के बीच सभी मृतकों की पहचान की जा रही है। अभी भी रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। इसके लिए और गोताखोरों को बुलाया गया है।

### युवक ने अपने चार...

शवों को ट्रैक से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। अभी तक घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस के अनुसार मृतक परिवार मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और फिलहाल बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहा था।

**पत्नी से कहा था-बच्चों को पार्क घुमाने ले जा रहा है :** फरीदाबाद बल्लभगढ़ की अज्जि कॉलोनी में रहने वाला मनोज अपने चार बच्चे पवन, कारू, मुरली और छोटू को लेकर करीब एक बजे घर से निकला था। उसने अपनी पत्नी प्रीति को कहा कि वह बच्चों को पार्क में घुमा कर आ रहा है। इसके बाद वह बच्चों को लेकर बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन से डेढ़ किलोमीटर दूर फ्लाईओवर के नीचे पहुंच गया। जहां वह अपने चारों बच्चों को अमृतसर से आकर दिल्ली जा रही गोल्डन टेंपल के सामने आ गया। पत्नी प्रीति का कहना है कि वह एक सप्ताह पहले ही गांव से आए थे। पत्नी के अनुसार उनका कोई झगड़ा नहीं हुआ था।

### 'विश्व गुरू' के बच्चे अमेरिका...

पंजाब, गुजरात भेजा गया जब कि अन्य देशों के नागरिकों को यात्री विमान में बिठा कर संबंधित देशों में भेजा गया। इसी फर्क पर अब नेटजन भारत सरकार को जमकर कोस रहे हैं। विपक्ष ने इस मामले में पीएम मोदी की चुप्पी पर करारा प्रहार किया है। विदेश मंत्रालय ने बहुत दबाव पड़ने पर इतना भर बयान जारी किया हम अमेरिकी एजेंसियों के संपर्क में हैं। ऐसी प्रतिक्रिया ने सोशल मीडिया पर और हंगामा खड़ा कर दिया। भारतीयों को रोष न सिर्फ भारत से बल्कि विश्व भर से सोशल मीडिया पर उठ रहा है। इस घटना ने भारत में राजनीतिक, सामाजिक और कूटनीतिक स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं उत्पन्न की हैं।

**सरकार तत्काल हस्तक्षेप करे :** कांग्रेस पार्टी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर आधिकारिक प्रतिक्रिया में इस घटना को अत्यंत गंभीर बताया और कहा कि यह भारतीय छात्रों के सपनों और आकांक्षाओं पर हमला है। उन्होंने इसे भारत के सम्मान" से जोड़कर सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। सोशल मीडिया, कई यूजर्स ने इसे भारत के सम्मान पर हमला बताया और सरकार से कठोर कूटनीतिक कदम उठाने की मांग की।

**यह मानवीय त्रासदी: कुणाल जैन :** सबसे पहले वीडिया सोशल मीडिया पर साझा करने वाले कुणाल जैन ने लिखा, छात्र रोता रहा, हरियाणवी में कहता रहा कि वह पागल नहीं है, लेकिन अधिकारियों ने उसे अपराधी जैसा व्यवहार किया। यह मानवीय त्रासदी है। उन्होंने भारत सरकार और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हस्तक्षेप की अपील की। एक दूसरे ने लिखा, छात्र चिल्लाता रहा कि वह पागल नहीं है, फिर भी उसे हथकड़ी लगाकर डिपोर्ट किया गया। भारत सरकार को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। विदित हो कि फरवरी में 104 भारतीयों के निर्वासन के समय, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद में कहा था, अवैध प्रवासियों को हथकड़ी लगाना अमेरिकी नीति का हिस्सा है। हम अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि निर्वासित भारतीयों के साथ अमानवीय व्यवहार न हो। लेकिन ऐसा कुछ होता हुआ दिख नहीं रहा, ये सच है।

## निगम की बैठक में हंगामा, पार्षदों में नोकझोंक

# बांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर के निर्माण का प्रस्ताव पास

एजेंसी ⏭ मथुरा

नगर निगम की बैठक में सोमवार को श्रीबांकेबिहारी की जयघोष के साथ प्रस्तावित श्रीबांकेबिहारी कॉरिडोर निर्माण का मौखिक रूप से प्रस्ताव पास हो गया है। अधिकतर पार्षदों ने सरकार की योजना का समर्थन किया, जबकि श्रीबांकेबिहारी मंदिर क्षेत्र के पार्षद घनश्याम चौधरी ने पुरजोर इसका विरोध किया। फिर घनश्याम चौधरी और अन्य पार्षदों में नोकझोंक शुरू हो गई और हंगामा होने लगा। बैठक का माहौल बिगड़ता देख महापौर ने पार्षदों को शांत कराया। पार्षद बोले मथुरा-वृंदावन का बच्चा-बच्चा कॉरिडोर निर्माण चाहता है।



इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि श्रीबांकेबिहारी जी के दर्शन के लिए हर साल श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर श्रीबांकेबिहारी कॉरिडोर निर्माण का प्रस्ताव रखा है। मथुरा-वृंदावन के लोगों को महीनों गुजर जाते हैं, लेकिन आराध्य के सुगमता से दर्शन नसीब नहीं होते हैं। इसका मुख्य कारण श्रीबांकेबिहारी मंदिर में भीड़ का दबाव है।

## राजेश राम ने पूछे 5 सवाल

# रोजगार पर कांग्रेस का हल्ला बोल 12 जून को बिहार में होगा प्रदर्शन

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार चुनाव के मद्देनजर विपक्ष नीतीश सरकार पर रोजगार, पलायन, नौकरी, कानून व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर हमलावर है। इस कड़ी में महागठबंधन की सहयोगी कांग्रेस रोजगार के मुद्दे पर 12 जून को एक साथ राज्य के 25 जिलों में आंदोलन करेगी। राष्ट्रीय स्तर के नेता और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एक साथ रोजगार कार्यालय के सामने नौकरी दो या सत्ता छोड़ो आंदोलन के तहत प्रदर्शन करेंगे।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने यह जानकारी दी। साथ ही उन्होने पांच सवाल बिहार की एनडीए सरकार से पूछे। राजेश राम ने पूछा



कि 45 विभागों में रिक्त पांच लाख पद कब भरे जाएंगे। पेपर लीक का अड्डा बिहार कैसे बना, इसकी निष्पक्ष जांच हो? संविदा कर्मियों को स्थायी कब किया जाएगा? कर्मियों को समान काम के बदले समान वेतन कब दिया जाएगा। साथ ही बिहार से पलायन कब रुकेगा। आपको बता दें 12 जून को महागठबंधन की चौथी बैठक भी होनी है। जिसकी अध्यक्षता तेजस्वी यादव करेंगे।

## एक इशारे पर काम तमाम

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग आगरा में युवाओं को बना रहा शूटर

एजेंसी ⏭ आगरा

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का गैंग यूपी में तेजी से सक्रिय होता जा रहा है। राजस्थान, एमपी और दिल्ली से करीब आगरा में दूसरी बार बाह क्षेत्र से उसके शूटर पकड़े गए हैं। बेरोजगारी और जल्द कमाई के लालच में कई युवा लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ रहे हैं। ताजा मामला श्रीगंगानगर (राजस्थान) का है, जहां कारोबारी पर फायरिंग करने के बदले बाह निवासी प्रदीप उर्फ गोलू पंडित को पिस्टल और एक लाख रुपये दिए गए थे। गैंग से जुड़ी जानकारी ने पुलिस को चौंका दिया है। लॉरेंस गैंग रंगदारी वसूलता है, धमकी देता है, फायरिंग कराता है और हत्या तक करवा देता है। सैकड़ों की संख्या में



उसके शूटर हैं, जो निर्देश मिलते ही खुलेआम गोलियां चलाते हैं। आगरा में यह पहला मामला नहीं है, इसके पहले भी तीन शूटर पकड़े गए थे, और वे भी बाह क्षेत्र से ही थे। 31 जनवरी 2023 को जैतपुर थाना क्षेत्र से जयप्रकाश उर्फ जेपी (एमपी कॉलोनी, बीकानेर), ऋषभ उर्फ यशचंद्र रजवार (रामपुरा बस्ती, बीकानेर), प्रदीप शुक्ला उर्फ बाबा शुक्ला (डिफेंस कॉलोनी, बाह), और भूपेंद्र गुर्जर उर्फ थापा (बड़ा गांव, बाह) को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने जयपुर में एक होटल कारोबारी पर गोलियां चलाई थीं। उससे भी रंगदारी मांगी गई थी।

### शूटरों को मैसेज के जरिए दिए जाते निर्देश

ताजा मामले में गिरफ्तार गोलू पंडित से पूछताछ में खुलासा हुआ कि गैंग हाईटेक तरीके से काम करता है। शूटरों को मैसेज के जरिए निर्देश दिए जाते हैं। किस होटल में रुकना है, कहां से कैश और हथियार मिलेगा-यह सब पहले से तय होता है। टारगेट मिलने के बाद फायरिंग की जाती है। साथ ही यह भी आश्वासन दिया जाता है कि अगर वे मौके पर फंस जाएं तो गैंग उन्हें सुरक्षित निकाल लेगा।




**कलेक्टर ने टाइम लिमिट बैठक में अफसरों को दी हिदायत**

# एक हफ्ते में कराना पड़ेगी बीपीएल परिवारों का सौ फीसदी ईकेवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक हफ्ते में अभियान चलाकर बीपीएल परिवारों के सभी सदस्यों की सौ फीसदी ईकेवायसी कराई जाए, जिससे पीडीएस के राशन में पारदर्शिता लाई जा सके। अगर उपभोक्ता ईकेवायसी नहीं करा रहे हैं, तो उनका नाम पात्रता परिवार से हटाया जाए। यह बात सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने खाद्य विभाग के अफसरों को दी। उन्होंने आरटीओ को भी हिदायत दी कि वह स्कूल और कॉलेज बसों की नियमित जांच करें। दरअसल 15 जून से स्कूल खुल जाएंगे, ऐसे में बच्चों की सुरक्षा सबसे आगे रहना चाहिए। कलेक्टर ने राजस्व लंबित प्रकरण, सीएम हेल्पलाइन की भी समीक्षा की। उन्होंने किसानों को खरीफ फसल के पहले तैयारी के लिए वैज्ञानिक तकनीक के साथ सरकार की योजनाओं की जानकारी देने की बात कही।

### चौराहों और सड़कों से हटाएं अतिक्रमण

नगर निगम और एसडीएम बैरसिया से कहा कि मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाए। इसके साथ ही जिले में आरटीओ द्वारा वाहनों की फिटनेस और अन्य पैरामीटर पर जांच अभियान चलाए जाने के की बात कही।

## केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर मुख्यमंत्री ने की पत्रकार वार्ता

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष देश के नव-निर्माण का स्वर्णिम युग : सैनी

- मुख्यमंत्री बोले- आज भारत वोट बैंक की राजनीति से नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व से आगे बढ़ रहा
- मोदी सरकार ने देश को दिया विकास और विश्वास का मॉडल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर पंचकुला में पत्रकार वार्ता की। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की अभूतपूर्व उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह कालखंड भारत के इतिहास में विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा का स्वर्णिम युग बनकर उभरा है। वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को अपनाते हुए देश को एक नई दिशा दी है। आज भारत वोट बैंक की राजनीति से नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व से आगे बढ़ रहा है। ये 11 वर्ष केवल एक पड़ाव है, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को एक 'विकसित राष्ट्र' बनाना है। यह अमृत काल उस स्वर्णिम काल की नींव रखेगा, जहां भारत ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म और समृद्धि का विश्व गुरु बनेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, महीपाल ढांडा, विपुल गोयल, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, कृष्ण बेदी, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, पूर्व मंत्री कंवर पाल और मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय उपस्थित रहे।

### मिशन चंद्रयान से लेकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत



नायब सैनी ने कहा कि आज हमारा देश न केवल मिसाइल बना रहा है, बल्कि सूर्य यान, चंद्रयान और मंगलयान जैसे मिशन सफलतापूर्वक पूरे कर रहा है। इन 11 सालों में भारत ने स्पेस डॉकिंग एक्सरसाइज मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो भारतीय सैटेलाइट्स को जोड़कर इतिहास रचा है। इस उपलब्धि के साथ अमेरिका, रूस और चीन के बाद ऐसा करने वाला भारत चौथा देश बन गया है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक उतारने वाला भारत दुनिया का पहला देश है। आदित्य एल-1 सूर्य की कक्षा में स्थापित होकर सूर्य का अध्ययन कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रधान सेवक का पदभार संभाला, उस समय हमारी अर्थव्यवस्था पूरे संसार में 11वें स्थान पर थी, आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

### कई ऐतिहासिक निर्णय

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिये। जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 व धारा 35-ए को हटाया। हाल ही में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए कश्मीर घाटी को दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल 'चिनाब ब्रिज' के माध्यम से पूरे देश से जोड़ा है। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर विकास का नया द्वार खोला गया है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा को समाप्त कर राम जन्मभूमि अयोध्या में श्री रामलला के भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण करवाया।

### किसान कल्याण प्रतिबद्धता

नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र के बजट को पांच गुना बढ़ाया है। 2013-14 में कृषि क्षेत्र का बजट 27,663 करोड़ रुपये था। इसे वर्ष 2025-26 में बढ़ाकर 1 लाख 37 हजार 757 करोड़ रुपये किया गया है। एमएसपी में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई है। 'पीएम किसान सम्मान निधि' योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6 हजार रुपये की दर से 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गई।

### विपक्ष केवल विरोध की राजनीति कर रहा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष का उद्देश्य सिर्फ विरोध के लिए विरोध करना रह गया है। कांग्रेस नेता विकास योजनाओं को लेकर निराधार आरोप लगा रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि विपक्ष के नेता स्वयं इन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, लेकिन इसका जिक्र करने से कतराते हैं। एनएच-152डी इसका एक बड़ा उदाहरण है, जिसकी प्रशंसा हरियाणा का प्रत्येक नागरिक कर रहा है।

## शीलू अस्थाना का निधन कायस्थम ने दी श्रद्धांजलि



**भोपाल।** भोपाल दूरदर्शन केंद्र की पूर्व समाचार वाचक, एंकर और अपेक्स बैंक में कार्यरत शीलू अस्थाना का कैंसर की लंबी बीमारी के बाद सोमवार को दुखद निधन हो गया। शीलू अस्थाना कायस्थम के कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना की छोटी बहन थीं। शीलू का अंतिम संस्कार सोमवार शाम भदभदा विश्राम घाट पर किया गया तथा शोक सभा में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कायस्थम मध्यप्रदेश ने शीलू अस्थाना को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## चेक बाउंस के दोषी को 6 माह की जेल

**भोपाल।** चेक बाउंस प्रकरण के आरोपी विकास सिंह बघेल को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तथागत याज्ञनिक ने दोषी ठहराते हुए 6 माह के सश्रम कारावास और 5 लाख 23 हजार 300 रुपए का प्रतिकर परिवादी को अदा किए जाने की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को न्याय शुल्क और अधिवक्ता शुल्क के लिए 20 हजार रुपए पृथक से परिवादी को भुगतान करने के आदेश पारित किए हैं। परिवादी विनोद सिंह परिहार से आरोपी ने अपनी निजी जरूरत के लिए 4 लाख रुपए उधार लिए थे। आरोपी ने उधार लिए गए रुपए वापस लौटाने के लिए परिवादी को 4 लाख रुपए के दो चेक दिये थे।

# भारतीय भाषा समिति दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'राष्ट्र प्रथम' विषय पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की भारतीय भाषा समिति द्वारा 'राष्ट्र-प्रथम' के अंतर्गत ''शक्ति-शांति-समृद्धि'' विषयक परिचर्चा एवं काव्यगोष्ठी का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के महर्षि कणाद भवन सभागार में किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय की भारतीय भाषा समिति द्वारा पहलगाम हमले के प्रतिकार स्वरूप हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत हुई सैन्य कार्यवाही के समर्थन में परिचर्चा एवं विभिन्न भारतीय भाषाओं में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त मार्गदर्शन में हमारी सेनाओं द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का अभिनंदन करने के क्रम में यह अपने आप में एक अनूठा कार्यक्रम था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रमेश अग्रवाल, अध्यक्ष, सेवा भारती, दिल्ली प्रांत ने अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति पर चर्चा करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को भारत का एक सशक्त कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय बोलने के साथ-साथ हमें पुरूषार्थ करने की आवश्यकता है। हमें एक मज़बूत वैचारिक आंदोलन का संकल्प लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है तभी भारत अपने उच्च वैभव को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तर्ज़ पर बुद्धिजीवियों से प्रोफेशनल सोशल रिस्पांसिबिलिटी चलाने का आह्वान किया। जिसमें राष्ट्र जागरण अभियान चलाया जाए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी श्री अनूप लाठर ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा केवल सैनिक ही नहीं करते हैं ; बल्कि हम सब साथ मिलकर उन्हें सशक्त करते हैं। हमारी संस्कृति सदा परिवर्तनशील रही है और यही संस्कृति के सातत्य का कारण रही है। आज हमारा राष्ट्र उस मोड़ पर है जहाँ से यह नई उड़ान भर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. बलराम पाणी, अधिष्ठाता, महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय ने ऑपरेशन सिंदूर की सार्थकता पर चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्र रक्षा सबसे बड़ा पुण्य कार्य, सबसे बड़ा धर्म और सबसे बड़ा यज्ञ है। राष्ट्र की अस्मिता के कारण ही हमारी अस्मिता है। अनेकता में एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने 'राष्ट्र प्रथम' जैसे कार्यक्रमों की महत्ता को सामने रखते हुए भारतीय एकता को बरकरार रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आह्वान किया।

- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश अग्रवाल, अध्यक्ष, सेवा भारती, दिल्ली प्रांत ने अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति पर चर्चा करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को भारत का एक सशक्त कदम बताया

## तोमर ने कहा-हमारा देश विश्व की अर्थव्यवस्था में चौथा स्थान रखता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि हमारा देश विश्व की अर्थव्यवस्था में चौथा स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि आजादी की 100 वीं वर्षगांठ पर भारत दुनिया का नेतृत्व करने वाला देश बनें, इसमें सभी लोगों का योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ग्राम लड़ावद में पुल एवं सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन मौके पर बोल रहे थे। इस दौरान ग्राम लड़ावद की सड़क एवं पुल की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर ग्रामवासियों ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर का स्वागत किया। तोमर ने ग्राम लड़ावद में 5 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली पुलिया एवं 4 करोड़ 86 लाख रुपए लागत से निर्मित होने वाली सड़क का भूमिपूजन किया। तोमर ने कहा कि इसका श्रेय मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री राकेश सिंह व अन्य नेताओं को जाता हैं, पुल एवं सड़क की स्वीकृति में इनका योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में विकास एवं आर्थिक उन्नति के अनेक कार्य हो रहे हैं। किसानों एवं माता-बहनों के लिए सम्मान निधि दी जा रही है, ताकि उनकी आर्थिक क्षमता बढ़े, परिवार का लालन-पालन हो एवं साहुकारों के कर्ज से छुटकारा मिले।

## जनजातीय कार्य विभाग ने स्थानांतरण को लेकर दायर की केविएट

**भोपाल।** कार्यालय आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षकों के स्थानांतरण किए हैं। स्थानांतरण को लेकर अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षकों द्वारा संभावित न्यायालयीन रिट याचिकाओं को ध्यान में रखते हुए विभाग ने हाई कोर्ट जबलपुर के साथ खंडपीठ इंदौर और ग्वालियर में शासन के पक्ष में केविएट दायर की है। विभाग ने अधिकारी-कर्मचारी एवं शिक्षकों को इस संदर्भ में सूचित किया है कि उनके द्वारा दायर किये जाने वाले संभावित न्यायालयीन प्रकरणों में शासन का पक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा।

## एमवीएम पूर्व विद्यार्थी संगठन के चुनाव स्थगित

**भोपाल।** शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन के आगामी 11 जून को होने वाले नवीन कार्यकारिणी के चुनाव स्थगित कर दिए गए हैं। उपाध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने बताया कि 3 साल के लिए गठित की जाने वाली नवीन कार्यकारिणी की निर्वाचन प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

निर्वाचन संबंधी अन्य औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद 6 माह के भीतर चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। यह निर्णय एमवीएम पूर्व विद्यार्थी की कार्यकारिणी की सोमवार को सम्पन्न बैठक में लिया गया।

## पन्ना में तहसीलदार 3 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया

**भोपाल।** सागर लोकायुक्त की टीम ने पन्ना जिले में रैपुरा तहसीलदार चंद्रमणि सोनी को रिश्वत लेते ट्रैप किया है। तहसीलदार ने एक परिवार की पैतृक जमीन से कब्जा हटवाने के लिए 9 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। मामला दमोह जिले के कल्याण सिंह लोधी और उनकी पत्नी द्रौपदी बाई से जुड़ा है। द्रौपदी बाई की पैतृक जमीन पन्ना जिले के रैपुरा तहसील के पिपरिया कला गांव में है।

इस जमीन पर उनके रिश्तेदारों ने कब्जा कर रखा था। कब्जा हटवाने के लिए 26 दिसंबर 2024 को तहसीलदार की अदालत में धारा 250 भू राजस्व संहिता के तहत वाद दायर किया गया था। तहसीलदार ने इस मामले में आदेश करने के लिए 9 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। उन्होंने पहले अपने निजी वाहन चालक इंद्रपाल सिंह लोधी के माध्यम से 4 हजार रुपए ले लिए, लेकिन कोई आदेश नहीं मिलने पर कल्याण सिंह ने सागर लोकायुक्त एसपी से संपर्क किया। पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा के निर्देश पर निरीक्षक रोशनी जैन ने पहले शिकायत का सत्यापन किया। सोमवार को तहसीलदार को उनके शासकीय आवास में 3 हजार रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी तहसीलदार पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

**पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर उठाया कदम**



## स्थाई वारंटी नक्सली ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंडागांव

जिले में सोमवार को एक स्थायी वारंटी नक्सली सुकालू राम नाग ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया।

सुकालू पूर्वी बस्तर डिवीजन के अंतर्गत आमदई एलओएस में सहयोगी सदस्य के रूप में कार्यरत था और वर्ष 2003 से 2025 तक विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहा। पुलिस के अनुसार, आत्मसमर्पित नक्सली को छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के तहत प्रोत्साहन राशि के रूप में 50 हजार रुपये प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अन्य लाभों के लिए वरिष्ठ कार्यालय को पत्राचार किया गया है। सुकालू नाग पर थाना मर्दापाल में वर्ष 2018 के एक गंभीर मामले में स्थायी वारंट लंबित था। उस पर ग्राम तुमड़ीवाल निवासी एक ग्रामीण को जनअदालत लगाकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने तथा घर से लाखों का सामान लूटने का आरोप है। आत्मसमर्पण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शंकर लाल बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति, सिविक एक्शन कार्यक्रमों और सुरक्षा बलों की सतत कार्रवाई के चलते माओवादियों में भय का माहौल है और वे संगठन छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

**हाईकोर्ट परिसर को खाली कराकर कराई गई जांच, मचा हड़कंप**

# छग हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बिलासपुर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। हाईकोर्ट के आधिकारिक वेबसाइट पर धमकी भरा ईमेल भेजा गया। इसमें कोर्ट परिसर को उड़ाने की बातें कही गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाईकोर्ट परिसर को खाली कराकर जांच कराई गई, लेकिन इस दौरान कहीं कुछ नहीं मिला। धमकी मिलने के बाद अचानक तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एक ईमेल संदेश ने सबको चौंका दिया, जिसमें कहा गया था कि कोर्ट परिसर में अमोनियम सल्फर आधारित आईईडी बम लगाया गया है।

ये ईमेल किसी 'मद्रास टाइगर्स फॉर अजमल कसाब' नामक संगठन के नाम से आया था। पुलिस और खुफिया एजेंसियों के साथ-साथ बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड को तुरंत हरकत में आना पड़ा। यह धमकी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर नोटिस बोर्ड के रूप में दिखाई दी। जैसे ही यह सूचना मिली, प्रशासन ने तुरंत कोर्ट परिसर को खाली कराया और सभी न्यायाधीशों, वकीलों और स्टाफ को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। हाईकोर्ट में समर वेकेशन के बाद सोमवार से कामकाज शुरू हुआ। इस दौरान कोर्ट परिसर में जजों के साथ ही वकील और पक्षकार भी मौजूद थे। तभी दोपहर बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के वेबसाइट पर ईमेल के माध्यम से धमकी भरा मेसेज मिला, जिसमें हाईकोर्ट में बम लगाने और परिसर को उड़ाने की धमकी दी गई। मेसेज देखकर हाईकोर्ट के प्रोटोकॉल अफसर ने इसकी जानकारी पुलिस अफसरों को दी गई। जिसके बाद पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई। ईमेल से भेजे गए मेसेज में संवेदनशील मुद्दों का उल्लेख किया गया था।



### अमोनियम सल्फर आधारित आईआईडी लगाए जाने की धमकी

इनमें अजमल कसाब को फांसी देने और कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लेने जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए इसे एक 'पवित्र मिशन' बताया गया। ईमेल में अमोनियम सल्फर आधारित आईईडी कोर्ट परिसर में लगाए जाने का दावा किया। धमकी मिलने के बाद एहतियातन कोर्ट परिसर को खाली कराकर जांच अभियान चलाया गया। मामले को लेकर बिलासपुर के एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि ईमेल मिलने के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है। अब तक की जांच में किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ बरामद नहीं हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है।

## चलते-चलते ट्रैक पर सो गए मजदूर, दो की मौत

### सुबह चार बजे की घटना, राजहरा थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

**बालोद (हरिभूमि न्यूज)।** तेज रफ्तार ट्रेन के चपेट में आने से दो युवकों की मौत और दो गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। ये रेलवे ट्रैक पर पैदल चल रहे थे, इसी दौरान हादसा हुआ है। सुबह-सुबह चार बजे की यह घटना बताई जा रही है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजहरा थाना क्षेत्र की यह पूरी घटना है। कुसुमकसा के पास की। सभी युवक झारखंड के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो कि बालोद मजदूरी करने आए थे। युवकों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां सड़क के बाजे ये रेल मार्ग में पैदल सफर कर रहे थे। बालोद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने बताया कि सुबह लगभग 4 बजे की यह घटना है और यह सभी झारखंड के मजदूर हैं और यह रेलवे ट्रैक पर पैदल चल रहे थे। जहां यह थक्कर वहीं पर सो गए थे। इसी दौरान ट्रेन आते देखी तो एक युवक ने आवाज लगाई तो दो लोग उठकर भागने में सफल हुए जो घायल हैं। वहीं दो लोग भाग नहीं पाए या समय रहते नहीं उठ पाए तो वह ट्रेन की चपेट में आ गए। इससे उनकी मृत्यु हो गई। सभी को जिला अस्पताल लाया गया है और दल्ली राजहरा थाना क्षेत्र की यह घटना है मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। यूको का झुंड है जो की रोजी मजदूरी करने यहां पर आया हुआ था उक्त घटना के बाद अब झारखंड उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है वही खबर लिखे जाने तक योगी के सिंहगड संबंधी कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है और सब को पंचनामा के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (आरक्षित) का संचालन किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04092/04091 नई दिल्ली - हावड़ा जं. - नई दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (आरक्षित)** 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04092 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04091 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:30 | नई दिल्ली | 01:00 | -- |
| 21:40 | -- | हावड़ा जं. | -- | 23:50 |

**चलने की तिथि : 04092 नई दिल्ली** से दिनांक 11.06.2025 से 19.07.2025 (बुधवार एवं शनिवार) तक एवं **04091 हावड़ा जं.** से दिनांक 12.06.2025 से 20.07.2025 (गुरूवार एवं रविवार) तक।

**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनमी, शयनयान एवं सामान्य।

**ठहराव:** अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जं., जमुई, झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., जामताड़ा, चित्तरंजन, आसनसोल जं. दुर्गापुर एवं बर्द्धमान स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1726/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को रिमॉडल करने की जरूरत

गरीबी कम करने के साथ भारत ने जनसंख्या को नियंत्रित करने में भी शानदार प्रगति की है। भारत में प्रजनन दर में काफी कमी आई है। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी नई जनसांख्यिकी रिपोर्ट में कहा है कि चालू वर्ष के अंत तक भारत की जनसंख्या 1.46 अरब पहुंचने का अनुमान है, जो दुनिया में सर्वाधिक होगी। अभी सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश चीन है और भारत दूसरे नंबर पर है। दोनों मुल्कों की जनसंख्या में मामूली अंतर है। कुछ समय पहले ऐसी खबर भी थी कि भारत चीन को पछाड़ कर सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है, हालांकि इसकी केंद्र सरकार ने पुष्टि नहीं की थी। 'वास्तविक प्रजनन संकट' शीर्षक वाली यूएनएफपीए की 'विश्व जनसंख्या स्थिति (एसओडब्लूपी) रिपोर्ट 2025' घटती प्रजनन क्षमता से घबराने के बजाय अपूर्ण प्रजनन लक्ष्यों पर ध्यान देने का आह्वान करती है। इसमें कहा गया है कि लाखों लोग अपने वास्तविक प्रजनन लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि भारत की कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर से नीचे आ गई है। जनसंख्या में पीढ़ीगत वृद्धि के लिहाज से प्रतिस्थापन दर से प्रजनन दर का कम होना सुखद भी है व चिंताजनक स्थिति भी है। रिपोर्ट में पाया गया है कि भारत की कुल प्रजनन दर घटकर प्रति महिला 1.9 जन्म रह गई है, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से नीचे है। इसका अर्थ यह है कि औसतन भारतीय महिलाएं एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक (प्रतिस्थापन दर) जनसंख्या का आकार बनाए रखने के लिए आवश्यक संख्या से कम बच्चे पैदा कर रही हैं। प्रजनन दर में कमी आने से सरकार को जनसंख्या नियंत्रण में मदद मिलती है, लेकिन पीढ़ीगत आबादी की दर को भी बनाए रखने की जरूरत है और यह जरूरत प्रजनन क्षमता सुधरने से पूरी होगी। रिपोर्ट में जनसंख्या संरचना, प्रजनन क्षमता और जीवन प्रत्याशा में महत्वपूर्ण बदलावों का भी खुलासा किया गया है, जो एक बड़े जनसांख्यिकीय परिवर्तन का संकेत है। जन्म दर में कमी के बावजूद, भारत की युवा जनसंख्या अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, जिसमें 0-14 आयु वर्ग में 24 प्रतिशत, 10-19 आयु वर्ग में 17 प्रतिशत तथा 10-24 आयु वर्ग में 26 प्रतिशत युवा हैं। देश की 68 प्रतिशत जनसंख्या कामकाजी आयु (15-64) वाली है, जो पर्याप्त रोजगार और नीतिगत समर्थन के साथ संभावित जनसांख्यिकीय लाभांश प्रदान करती है। रिपोर्ट में भारत को मध्यम आय वाले देशों के समूह में रखा गया है, जो तेजी से जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजर रहे हैं, जहां जनसंख्या दोगुनी होने में अब 79 वर्ष का समय लगने का अनुमान है। भारत ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए करीब पांच दशक से लगातार कार्यक्रम का संचालन किया है, इसमें जागरूकता से लेकर बेहतर स्वास्थ्य तक के कार्यक्रम शामिल हैं, लेकिन जन्म दर प्रतिस्थापन दर के करीब रहे तो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की जनसंख्या का आकार बनाए रखना सरल होता है। इस असंतुलन को ठीक करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के आंकड़े का इस्तेमाल सरकार को अपनी जनसांख्यिकीय स्थिति में सुधार के लिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को रिमॉडल करने में करना चाहिए। भारत सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश है तो यह स्तर सदा बने रहना चाहिए। चीन, जापान समेत अनेक पश्चिमी देश युवा आबादी स्तर बनाए रखने में सफल नहीं हो पा रहे हैं, ऐसे में भारत बेहतर कर सकता है।

# कबीर के सपनों का समाज बनाएं हम



जयंती
अखिलेश आर्येन्दु

**संत कबीर सत्य के आराधक थे, इसलिए निष्पक्ष बयानी से कभी दूर नहीं हटे। पढ़े-लिखे न होने के बावजूद वे ईश्वरीय ज्ञान-विज्ञान, विचार, प्रकाश से भरे हुए थे। सद्गुणों के सहज स्वीकार्यकर्ता थे, इसलिए सद्गुणों का प्रसार उनकी जिंदगी का हिस्सा बना रहा। जहां भी, जो भी दोषपूर्ण, पाखंड और अंधविश्वास से युक्त देखा, उस पर बगैर डर के चोट की। संसार में उनका किसी से न बैर-विरोध हुआ और न किसी के दोस्त बने। वे उनके मित्र थे जो सच्चे और निष्कपट थे। वे उनके दुश्मन थे जो सत्य, प्रेम, अहिंसा और न्याय से बहुत दूर थे। कबीर आज भी समाज विज्ञानी के रूप में हमारे मध्य मौजूद हैं। जरूरत है कबीर को दुराग्रहों और आग्रहों से ऊपर उठकर देखने व समझने की।**

संत कबीर गृहस्थ जीवन गुजारते हुए भी समाज, धर्म, अध्यात्म और लोकधर्म के शोधन के कार्य में लगे रहे। वे समाजशोधक, साधक और सत्य के आराधक थे। सारा जीवन सद्गुणों से परिपूर्ण था। ऐसे साधु थे जिनके रोम-रोम में ईश्वरीय प्रकाश भरा हुआ था। वे उन सभी लोगों के समालोचक थे जिनकी कथनी-करनी में एकरूपता नहीं थी। पाखंड, अंधविश्वास, दोषपूर्ण सामाजिक परंपराओं, छल, छद्म और फरेब करने वालों का निडर होकर खिलाफत करते थे। किसी भी स्तर पर वे समझौतावादी नहीं थे। इसलिए वर्ग, जाति, मजहब, पंथ और सम्प्रदाय में उनकी रुचि नहीं थी। उनका जन्म चाहे जैसी परिस्थितियों में हुआ हो, जीवन-यात्रा परोपकार, समाज सुधार और सत्य के अन्वेषण में गुजरा। संघर्ष, तप, तितीक्षा और मानव जीवन के आदर्श उनकी जिंदगी के अहम व सहज हिस्से थे। गृहस्थ होते हुए भी वैरागी, तपस्वी और त्यागी थे। मानवीय सद्गुणों से भरा उनका जीवन हर किसी के लिए प्रेरक था। जीवमात्र पर दया, करुणा, प्रेम, अहिंसा और स्नेह की वर्षा उनके जीवन के आदर्श थे।

वे सत्य के आराधक थे, इसलिए निष्पक्ष बयानी से कभी दूर नहीं हटे। पढ़े-लिखे न होने के बावजूद वे ईश्वरीय ज्ञान-विज्ञान, विचार, प्रकाश से भरे हुए थे। सद्गुणों के सहज स्वीकार्यकर्ता थे, इसलिए सद्गुणों का प्रसार उनकी जिंदगी का हिस्सा बना रहा। जहां भी, जो भी दोषपूर्ण, पाखंड और अंधविश्वास से युक्त देखा, उस पर बगैर डर के चोट की। संसार में उनका किसी से न कभी बैर-विरोध हुआ और न किसी के दोस्त बने। वे उनके मित्र थे जो सच्चे और निष्कपट थे। वे उनके दुश्मन थे जो सत्य, प्रेम, अहिंसा और न्याय से बहुत दूर थे। उनका धर्म मानवता का धर्म था जिसमें मौलिकता, नवीनता, नेह और न्याय शामिल थे। उन्होंने जो कुछ कहा सत्य, प्रेम, न्याय की स्थापना, जन मन सुधार और सर्वहित के नजरिए से कहा। इसलिए किसी से उनकी व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं थी। वे व्यक्ति की धन-सम्पत्ति की जगह, मानव मूल्यों की अहमियत से व्यक्ति को तौलते थे। वे ऐसे मूल्यवादी विचारक, सुधारवादी कवि और क्रांतिकारी समाजविज्ञानी थे, जिनकी कविताएं आज भी व्यक्ति, परिवार, समाज और हर सम्प्रदाय को सोचने पर मजबूर किया करती हैं।

वे मन की आंखों से देखते थे और दिल की जुबान से कहते थे। हर व्यक्ति में मानव मूल्यों का आधान (पिरोकर) देखना चाहते थे। पश्चिमी जगत के प्रसिद्ध विद्वान एवलिन अंडरहिल ने कबीर को महान समाज सुधारक, कवि और पंथ संस्थापक के रूप में चित्रित किया है। इसी प्रकार फ्रांसीसी विचारक गार्सा द तासी ने कबीर को एक प्रखर समाज सुधारक और कवि के रूप में चित्रित किया है। हिंदी के महान नाटककार डॉ. राम कुमार वर्मा ने संत कबीर को एक क्रान्तिदर्शी महाकवि और महामानव के रूप में माना है।

राम साहित्य के मूर्धन्य विद्वान अध्येता, फादर कामिल बुल्के ने कबीर के कृतित्व की विवेचना करते हुए लिखा है- 'ज्ञान, विज्ञान, सभ्यता और संस्कृति के प्रति कबीर का दृष्टिकोण नकारात्मक था, लेकिन हिंदी के महान साहित्यकार डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कबीर को भक्तिकाल का शिरोमणि कवि ही नहीं महान जीवनधर्मी कर्मयोद्धा माना है। कबीर समाज से द्वैतभाव को हमेशा के



लिए मिटाना चाहते हैं। बिना द्वैत भाव मिटे न तो सांसारिक सच्चा सुख हासिल होता है और न आलौकिक सुख ही। इस पद में उनके द्वैतभाव मिटने का कितना मार्मिक चित्रण दिखाई पड़ता है-

हमन है इश्क मश्ताना हमन का होशियारी क्या।
रहें आजाद या जग से, हमन दुनिया से यारी क्या।

संत का स्वभाव हमेशा विनम्र, शांतिप्रिय और सव के प्रति स्नेह रखने वाला और सबको सुख देने वाला होता है। सज्जनता संत के स्वभाव का हिस्सा होता है। संत कबीर का स्वभाव इसी तरह का था। यही वजह है कि उनकी कविताएं मर्म को संवेदित करती हैं। संत कबीर पलायनवादी नहीं हैं। उन्होंने गृहस्थाश्रम को पूर्ण प्रतिष्ठा दी। उन्होंने समाज और परिवार दोनों की समस्याओं को दूर करने के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया। परिवार में रहकर ईश्वर के प्रति श्रद्धा रख और भक्ति करके भी मुक्ति हासिल करने में वे यकीन करते थे। यहां तक कि अपना कार्य ईमानदारी से और एक घंटे ईश अराधना को भी पर्याप्त समझते थे। एक सच्चा संत अपने कार्यों से समाज को कितना सुखी और शांतिप्रिय बना सकता है, यह कबीर के जीवन में देखा जा सकता है। भक्तिकालीन संत कवियों में कबीर जैसा आदर्श और यथार्थवादी महामानव नहीं दिखाई देता है। इसी तरह धर्म और अध्यात्म संबंधी अंधविश्वासों, रूढ़ियों, पाखंडों और कुरीतियों को दूर करने में उनके जैसा क्रांतिकारी सामाजिक दूत दूसरा नहीं दिखता है। वे इंसानी सच्चे धर्म का पाठ पढ़ाने वाले सच्चे सद्गुरू हैं। धर्म के नाम पर किसी भी प्रकार का आडम्बर और कर्मकांड भी उन्हें स्वीकार्य नहीं था। सत्य, अहिंसा, प्रेम, न्याय, करुणा, दया, सहिष्णुता और सुचिता जैसे अनेक मूल्यों को जीवन में उतारना ही वह धर्म का पालन करना मानते थे। वह कहते हैं-

शीतलता सब जाणिये, समिता रहे समाइ।
पथ छाँड़ै निरपथ रहै, सबद न देख्या जाय।।

लोक और वेद दोनों की बात कबीर को मान्य है। भले ही वह वेद नहीं पढ़े थे लेकिन उन्हें वेद की बुराई बर्दाश्त नहीं थी। वे कहते हैं कि वेद बुरे नहीं हैं बल्कि जो वेद को बुरा कहते हैं वे बुरे हैं। कबीर मन से सच्चे थे। कर्म से सच्चे थे। वाणी से सच्चे थे। ऐसा व्यक्ति भला असत्य या पाखण्ड को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। इसलिए उन्होंने समाज और धर्म से जुड़ी हर चीज को बहुत ही गहराई से समझा और जहां भी गदंगी देखी, उसे बगैर किसी हिचक के बता दिया। कहते हैं-बेहतर समाज बनाना चाहते हो तो पहले प्रेम-रूपी अमृत का प्याला का पान करो। सत्य का रास्ता पकड़ो और लोगों के दुख को बांटो। कबीर कहते हैं जीवन को माया के चक्करों में यूं ही बर्बाद कर दिया तो तुम्हारा जन्म लेना बेकार हो जाएगा। और एक दिन यमराज के दूत आएंगे और तुम्हें उठा ले जाएंगे। इसलिए समय रहते हुए यमराज-रूपी ठग से बचने के लिए सत्य के रास्ते से अपने कार्य करते जाओ, ईश्वर की कृपा सदैव हासिल होती जाएगी। यमराज से बचने का एक ही रास्ता है, वह है प्रभु की शरण में बिना देर किये चले जाओ।। उस अविनाशी परमब्रह्म की शरण में रहोगे तो यमराज वहां से तुम्हें नहीं उठा पाएंगे। क्योंकि यमराज भी उसी ईश्वर के आधीन हैं। आज भी कबीर के ये उपदेश उपयोगी, प्रासंगिक और सर्वहितकारी हैं। कबीर छह सौ वर्षों के बाद भी मानवता के मार्गदर्शक इसलिए बने हुए हैं कि उनके उपदेश, विचार और कार्य समाज को रोशन करने में कामयाब हैं। इसलिए आज भी वे भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में जहां भी हिंदी साहित्य और भाषा का प्रवाह है, कबीर वहां अपनी बेबाक सपाटबयानी के साथ मौजूद हैं। कबीर आज भी पूरी तरह प्रासंगिक और समाजविज्ञानी के रूप में हमारे मध्य मौजूद हैं। जरूरत है कि हम कबीर को दुराग्रहों और आग्रहों से ऊपर उठकर देखने व समझने की कोशिश करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

जयंती विशेष
डा. वेदपाल सिंह




# संत कबीर के विचार में सामाजिक क्रांति के सूत्र

भक्ति-कालीन महान संत, महाकवि, सामाजिक क्रान्ति के पुरोधा, दार्शनिक व युगद्रष्टा कबीर साहब के जन्म को लेकर हालांकि विद्वानों में पर्याप्त मतभेद हैं। कबीरदास के प्रधान शिष्य धर्मदास ने कबीर साहेब का जन्म वि. संवत 1455 को माना है, जबकि डॉ. श्यामसुन्दर दास, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल तथा पारशनाथ के अनुसार कबीर साहेब का जन्म वि. संवत 1456 ज्येष्ट शुक्ल पूर्णिमा को माना है। कांशी के पास स्थित लहरतारा तालाब को उनका जन्म स्थान माना गया है। नीरू और नीमा नामक जुलाहे दम्पति ने कबीरदास का पालन-पोषण किया। कबीरदास की पत्नी का नाम लोई था और कबीरदास के दो बच्चे थे, एक पुत्र और एक पुत्री जिनका नाम कमाल और कमाली था! हालांकि कबीर साहेब जातिवाद के खिलाफ थे लेकिन फिर भी उन्होंने खुद को जुलाहे के रूप में पेश किया। वे एक जगह कहते हैं - जाति जुलाहा नाम कबीरा बनि बनि फिरो उदासी! जिस समय कबीर साहेब का जन्म हुआ, तब देश में सिद्धों और योगियों आदि द्वारा प्रचलित अंधविश्वास फैल रहे थे। संपन्न वर्ग में भी रूढ़ियों और आडंबर की प्रधानता हो चली थी। ऐसे समय में भक्ति आंदोलन के रूप में ऐसा भारतव्यापी विशाल सांस्कृतिक आंदोलन उठा जिसने समाज में उत्कर्ष सामाजिक और वैयक्तिक मूल्यों की प्रतिष्ठा स्थापित की। कबीर साहेब ने स्वामी रामानन्द को अपना गुरु माना। कबीर दास की रचनाओं में सरल भाषा का प्रयोग किया गया है। इन्हें पंचमेल खिचड़ी अथवा सधुक्कड़ी भाषा कहा गया है। उनकी रचनाएं सिक्खों के आदि ग्रंथ में सम्मिलित की गयी हैं। 'श्री गुरु-ग्रंथ साहिब' में संत कबीर के 226 दोहे शामिल हैं। कबीर पढ़े लिखे नहीं थे, इसलिए उनके दोहों को उनके शिष्यों द्वारा ही लिखा या संग्रहित किया गया था। वे स्वयं कहते हैं 'मसि कागद छुयो नहीं, कलम गही नहिं हाथ'। कबीरदास दास जीवन में गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए कहते हैं कि सद्गुरू की कृपा बिना परमात्मा का दर्शन होना बहुत कठिन है। गुरु के बिना मानव को ज्ञान की प्राप्त नहीं हो सकती लेकिन उन्होंने पाखण्डी बाबाओं और गुरुओं से भी सावधान होने रहने की शिक्षा देते हुए कहा है कि जिसका गुरु अंधा अर्थात ज्ञानहीन है, जिसकी अपनी कोई चिंतन दृष्टि नहीं है! ऐसे गुरु का अनुयायी तो निपट दृष्टिहीन होता है। उसमें अच्छे बुरे, हित-अहित को समझने की शक्ति नहीं होती। इस तरह अंधे गुरु के द्वारा ठेला जाता हुआ शिष्य आगे नहीं बढ़ पाता।

कबीर हिन्दुओं को कहते हैं कि किसी भी देवी-देवता की आप पत्थर की मूर्ति बनाकर पूजा करते हैं जो कि शास्त्र विरुद्ध साधना है। यह हमें कुछ नहीं दे सकती। इनकी पूजा से अच्छा चक्की की पूजा कर लो जिससे हमें खाने के लिए आटा तो मिलता है। पत्थर पूजे हरि मिले तो मैं पूजूँ पहार। तातें तो चक्की भली, पीस खाये संसार। ठीक इसी प्रकार उन्होंने मुसलमानों द्वारा जोर जोर से अजान देने पर कहा कि- कांकर-पाथर जोरि के मस्जिद लई बनाय, ता चढ़ी मुल्ला बांग दे का बहरा भया खुदाय। तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक परिस्थितियों ने उन्हें महान कवि बनाया। एक तरफ तो कबीर का स्वर विद्रोही है तो दूसरी ओर ब्राह्म के प्रति उनका अनन्य समर्पण है। कबीरदास को समाज के प्रति गहरी चिंता थी और इस चिंता से मुक्त होने के लिए वे समाज की विसंगतियों का पर्दाफाश किया। उन्होंने समाज में फैले जातिवाद का कड़ा विरोध किया। वे कहते हैं कि - जात न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान। मोल करो तलवार का, पड़ी रहन दो म्यान! दुनिया के महान संत, महान कवि ने संवत 1575 विक्रमी (सन 1518 ई.) को काशी के निकट मगहर में अपने प्राण त्याग दिए। ऐसी मान्यता है कि मृत्यु के बाद उनके शव को लेकर भी विवाद उत्पन्न हो गया था। हिंदू कहते हैं कि उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति से होना चाहिए और मुस्लिम कहते थे कि मुस्लिम रीति से। इसी विवाद के चलते जब उनके शव से चादर हट गई तब लोगों ने वहां फूलों का ढेर पड़ा देखा और बाद में वहां से आधे फूल हिंदुओं ने उठाए और आधे फूल मुसलमानों ने। महान कवि कबीरदास ने अपने जीवन में किसी तरह की शिक्षा नहीं ली थी, लेकिन उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों, कल्पना शक्ति और अध्यात्म कल्पना शक्ति के बल पर पूरी दुनिया को वो ज्ञान दिया, जिसे अमल कर आज भी मानव अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकता है। आज भी उनकी शिक्षाओं का हमारे जीवन में उतना ही महत्व है जितना कि उनके समय में था। हम उनके दिखाये मार्ग पर चलकर और उनकी दी शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें, यही उनके प्रति हमारी श्रद्धा और भक्ति होगी।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित
दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

## झूठे आरोप का सामना बुद्धिमानी और धैर्य के साथ करें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ट्रंप की हठधर्मिता का मुकाबला करे भारत

दुनिया के सभी देश व्यापार के लिए एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में थोड़े बहुत निर्भर जरूर हैं। इसलिए अगर कोई भी देश खास तौर पर अमरीका जैसे व्यापार का गढ़ माने जाने वाले देश कोई आयात-निर्यात के लिए फैसला लेते हैं, तो इससे दुनिया के सभी देशों पर थोड़ा बहुत असर जरूर पड़ता है। हाल ही में अमरीका की ट्रंप सरकार ने जो टैरिफ लगाने का मन बनाया, उसने दुनिया भर को इससे प्रभावित होने का भय पैदा किया है, लेकिन इससे हमारे देश को उतना नुकसान नहीं होगा, जितना उन देशों को होगा जो पूरी तरह अमरीका पर व्यापार के लिए निर्भर हैं। अमरीका ने हमारे देश पर मात्र 26 फीसदी टैक्स, जबकि दूसरे देशों पर इससे ज्यादा शुल्क लगाया है। दवाइयों पर शुल्क कम रखा है, भारत को इसका फायदा उठाना चाहिए। ट्रंप की हठधर्मिता का मुकाबला हो।

*-लखन वर्मा, धमतरी*

## करंट अफेयर

# हार्वर्ड में अनिश्चितताओं से जूझ रहे भारतीय छात्र

हार्वर्ड में पढ़ रहे भारतीय छात्रों का कहना है कि वे ट्रंप प्रशासन की विश्वविद्यालय के खिलाफ लगातार लड़ाई के बीच अनिश्चितता और चिंता के दौर से गुजर रहे हैं। साथ ही नौकरी के अवसरों की कमी को लेकर भी फिक्रमंद हैं।हार्वड केनेडी स्कूल से पिछले महीने स्नातक हुए एक भारतीय छात्र ने नाम जाहिर नहीं होने की गुजारिश पर कहा, "यह ऐसा समय है जब हम समझ नहीं पा रहे हैं कि क्या करें, क्या हमें घर लौट जाना चाहिए, या फिर यहीं कुछ उपाय निकालने की कोशिश करनी चाहिए। हार्वर्ड में कुछ भारतीय छात्रों ने नाम नहीं जाहिर करने के आग्रह पर 'पीटीआई' से बात करते हुए पिछले कुछ महीनों के अपने अनुभवों और चिंताओं को साझा किया, जिस दौरान प्रतिष्ठित



विश्वविद्यालय को ट्रंप प्रशासन के लगातार हमलों का सामना करना पड़ा है। प्रशासन की कार्रवाई में 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर के अनुदान पर रोक लगाना, अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दाखिला देने की विश्वविद्यालय की पात्रता को रद्द करना तथा हार्वर्ड में अध्ययन या आदान-प्रदान कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक विदेशी नागरिकों के प्रवेश को निलंबित करना शामिल है। आंतरिक सुरक्षा विभाग ने कहा है कि हार्वड नेतृत्व ने अमेरिका विरोधी और आतंकवाद समर्थक लोगों को प्रवेश की अनुमति देकर परिसर में असुरक्षित माहौल पैदा किया है।

## ऑफ बीट

# सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं

वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से - जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं - भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।



## ट्रेंड

### प्रार्थना का सौभाग्य मिला



तमिलनाडु के मदुरै में स्थित मीनाक्षी अम्मन मंदिर हमारी आध्यात्मिकता का एक प्रतिष्ठित केंद्र है और हमारी पारंपरिक वास्तुकला की भव्यता का प्रतीक है। सभी के लिए माँ की कृपा की कामना करते हुए प्रार्थना करने का सौभाग्य मिला।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### कड़ी मेहनत व इरादा जरूरी



किसी राज्य का नेतृत्व करने के लिए आपको कड़ी मेहनत और इरादे की ज़रूरत होती है, ज़रूरी नहीं कि अनुभव की। एक छोटे से गांव की मिट्टी से लेकर मुख्यमंत्री के पद तक, मेरी यात्रा लोगों के विश्वास और संघर्षों से आकार लेती है, जिन्हें मैंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है।

-मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा

### राष्ट्रीय सुरक्षा



भारतीय सेनाओं के आधुनिकीकरण से लेकर स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने और सीमा सुरक्षा को बढ़ाने तक, पिछले 11 वर्षों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को नए सिरे से परिभाषित किया है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### भाजपा आत्म-मंथन करे



भाजपा आत्म-मंथन करे और साथ ही उनके समर्थक भी कि जो लोग किसी की मृत्यु के लिए झूठ बोल सकते हैं, वो झूठ के किस पाताल-पर्वत पर चढ़कर अपने को, अपने मिथ्या-साम्राज्य का मुखिया मान रहे हैं।

- अखिलेश यादव, सपा सांसद

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

सीजेआई गवई की बड़ी टिप्पणी

# इंटरनेट सामाजिक भेदभाव का औजार बना, तोड़ रहा समाज का तानाबाना

## 'न्याय वितरण प्रणाली में टेक्नोलॉजी की दोहरी भूमिका' पर किया संबोधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई ) जस्टिस बीआर गवई ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में इंटरनेट समाज को विभाजन की ओर ले जा रहा है। उन्होंने 'न्याय वितरण प्रणाली में टेक्नोलॉजी की दोहरी भूमिका' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में इंटरनेट सामाजिक भेदभाव का एक नया उपकरण बन गया है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपकरणों और डिजिटल साक्षरता तक समाज के सभी वर्गों की असमान पहुंच से हाशिए पर पड़े समुदायों का बहिष्कार हो सकता है, जो पहले से ही न्याय के लिए कई किस्म की बाधाओं का सामना कर रहे हैं।



### टेक्नोलॉजी की डिजाइन सभी की पहुंच तक हो

सीजेआई गवई ने कहा कि वास्तविकता में न्याय प्रदान करने की दिशा में पहुंच और समावेशन के आधार पर टेक्नोलॉजी को डिजाइन का आधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल उपकरणों को न्यायिक तर्क की सहायता करनी चाहिए, न कि उसे रिप्लेस करना चाहिए। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी को न्यायिक कार्यों, विशेष रूप से तर्कसंगत निर्णय लेने और व्यक्तिगत मामले के आकलन को रिप्लेस करने के बजाय बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का डिजायन ऐसा हो जो सभी की पहुंच तक सुलभ हो।

### एआई के उपयोग के लिए मानक विकसित किए जाएं

सीजे ई गवई कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में 'न्याय तक पहुंच को बेहतर बनाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर बोल रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने अदालतों में टेक्नोलॉजी के आधार पर हो रहे बदलावों को नियंत्रित करने के लिए नीतिगत ढांचे की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अदालतों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) के उपयोग के लिए मानक विकसित किए जाने चाहिए।

### स्वचालित उपकरणों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें

उन्होंने कहा कि नीतियों में हस्तक्षेप के बिना न्याय वितरण प्रणाली में कोई क्रांति नहीं आ सकती। सीजेआई गवई ने स्वचालित कानूनी उपकरणों पर आंख मूंदकर भरोसा करने के खिलाफ भी चेतावनी दी है। उन्होंने एल्गोरिदमिक पारदर्शिता और जवाबदेही की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटाइजेशन ने देरी को कम किया है और निगरानी तंत्र में सुधार किया है, लेकिन इन प्रगति को संवैधानिक मूल्यों द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए।

### निचले तबके को भी तकनीक का लाभ मिलना चाहिए

मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ने दूरदराज के क्षेत्रों के वकीलों को भी सर्वोच्च न्यायालय में उपस्थित होने की अनुमति देकर अदालतों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बना दिया है। इसी तरह समाज में निचले तबके को भी तकनीक का लाभ मिलना चाहिए, जो अभी भी उनके लिए दूर की कौड़ी है।

---

## खबर संक्षेप

### 65 करोड़ की ब्लैकमेलिंग एंकर समेत 2 गिरफ्तार



**नोएडा।** यहां के थाना सेक्टर-58 पुलिस ने 65 करोड़ की ब्लैकमेलिंग साजिश का पर्दाफाश किया है।पुलिस ने एक महिला समेत 2को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान शाजिया निसार और आदर्श झा के रूप में हुई है। दोनों पर आरोप है एक निजी समाचार चैनल के अधिकारियों को धमकाकर और यौन उत्पीड़न केस में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम मांगी थी।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थित उच्च न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने अदालत परिसर की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। यह धमकी झूठी साबित हुई, क्योंकि सोमवार को तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### हाईकोर्ट जस्टिस यादव को बचा रही केंद्रः सिब्बल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया कि पिछले साल पूरी तरह से सांप्रदायिक टिप्पणी करने के बावजूद केंद्र इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव को बचाने का प्रयास कर रही है।

---

## देशभर के अधिकतर मुख्यमंत्रियों ने पीएम मोदी की सराहना की, डॉ. सरमा बोले

# भारत ने ब्रिटेन, यूनाइटेड किंगडम, जापान जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों को भी पीछे छोड़ दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी ने ही तीसरे कार्यकाल में शासन किया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश को अमृत काल में ले जाने का सपना पूरा किया। आज देश राजनीतिक आर्थिक सामाजिक क्षेत्र के साथ-साथ सामरिक क्षेत्र में भी विश्व में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ने ब्रिटेन, यूनाइटेड किंगडम, जापान जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों को पीछे छोड़ दिया है और विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए पीएम मोदी के ये 11 साल स्वर्णिम काल के रूप में याद किए जाएंगे। इस कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर मंगलवार को गुवाहाटी के वशिष्ठ स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में असम सरकार के मंत्री जयंत मल्लबरुवा, मुख्य प्रवक्ता मनोज बरुवा, प्रदेश उपाध्यक्ष पल्लव लोचन दास के साथ संवाददाता सम्मेलन कर केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

## प्रधानमंत्री ने देश को अमृत काल में ले जाने का सपना पूरा किया, वैश्विक मंच पर उभरा



### पीएम मोदी ने देश को पहचान दिलाई

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने न केवल वैश्विक पहचान दी है बल्कि स्वयं को खपा कर 140 करोड़ भारतीयों को एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। आजादी के 65 साल में कांग्रेस नेतृत्व व अन्य अस्थिर सरकार के प्रति आम जन का जो विश्वास खंडित हुआ था, पिछले 11 वर्षों में भ्रष्टाचार से मुक्त, तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को पूरा करने वाला नेतृत्व प्रदान कर भरोसा बढ़ाया है।

### 11 साल विश्वास के प्रतीक बन गए



लखनऊ। उत्तर प्रदेश का सीएम योगी आदित्यनाथ ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर मंगलवार को लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल के साथ पत्रकारवार्ता कर केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।उन्होंने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व ने न केवल वैश्विक पहचान दी है बल्कि स्वयं को खपा कर 140 करोड़ भारतीयों को एक विश्वास का प्रतीक बनाया है।

### भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान मिला



जयपुर। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि परिवर्तन, प्रगति और गौरव के 11 साल। 2014 में हम 11वीं अर्थव्यवस्था थे। 5वीं बने और अब चौथे पायदान पर हम हैं। भारत को वैश्विक मंच पर सम्मानजनक और शक्तिशाली पहचान मिली। सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य के साढ़े 4 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई।

### ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने भारत की सैन्य ताकत को भी देखा

ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य ताकत को भी देखा है। अब वह प्रवृत्ति नहीं जो 2014 से पहले होता था कि भारत शांति का पक्षधर है। हम विकास की बात करेंगे लेकिन कोई भारत पर युद्ध थोपेगा तो सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही जवाब होगा।

### संविधान का सम्मान बढ़ा




सरमा ने कहा कि पीएन मोदी के नेतृत्व में संविधान को सम्मान दिया गया। प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। 1947 से 2014 तक भारत दुनिया की 11वीं अर्थव्यवस्था था। आज दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

### विश्व के भरोसेमंद साथी के रूप में उभरा देश



इस मौके पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने 'नेशन फर्स्ट' का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा, ऑपरेशन सिंदूर में मिसाइलों की गर्जना हुई, हमारे लोगों को वापस लाने के लिए उड़ानें भरी गईं और भारत ने न केवल अपने रक्षक के रूप में, बल्कि विश्व के भरोसेमंद साझेदार के रूप में भी आगे आया है।

### राज्य का समग्र विकास और चुनौतियों को किया काबू



गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि पीएम मोदी ने गुजरात के समग्र विकास के लिए देश का पहला रेलवे और परिवहन विवि, गति शक्ति विवि भी उपहार में दिया है। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अक्षय ऊर्जा और ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर भी काबू पा रहे हैं।

---

**मुख्यमंत्री ने कहा आतंकवाद की कोई जाति, पंथ या धर्म नहीं होता, हम इसका कभी समर्थन नहीं करते**

## पहलगाम हमले के बाद पीओके पर कब्जे करने का मौका थाः ममता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम हमले के बाद पीओके पर कब्ज़ा करने का मौक़ा था, क्योंकि सशस्त्र बलों ने वीरता दिखाई थी। बनर्जी ने कहा कि हम आतंकवाद का समर्थन नहीं करते। आतंकवाद की कोई जाति, पंथ या धर्म नहीं होता। हम इसका कभी समर्थन नहीं करते। गत 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। मुख्यमंत्री 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना करने वाला प्रस्ताव पश्चिम बंगाल विधानसभा में पारित किए जाने के दौरान सदस्यों को संबोधित कर रही थीं। हालांकि पेश किए गए प्रस्ताव में 'ऑपरेशन सिंदूर' शब्द का कहीं उल्लेख नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले और जिस तरह से उनकी हत्या की गई, उसके लिए हम संवेदना व्यक्त करते हैं। इसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है, और हम एकजुटता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की जान गई, उनमें झंटू अली शेख भी शामिल हैं। एक कुली आदिल की भी मौत हो गई। अल्पसंख्यक युवक नेजान कुर्बान कर दी। चुनाव से पहले पुलवामा नहीं होना चाहिए, जो किसी गड़बड़ी की ओर इशारा करता है।

### भारत मेरी मातृभूमि

बनर्जी ने कहा कि मेरी मातृभूमि भारत है। वंदे मातरम, जय हिंद और जय बांग्ला। बहुत से लोग बंगाल को मातृभूमि के रूप में याद नहीं करते। हम हमेशा अपनी मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। स्वतंत्रता आंदोलन बंगाल में हुआ था। हम अपनी मातृभूमि को नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना का आभार व्यक्त करती हूं। हम उन्हें सलाम करते हैं। मेरा मानना है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और किसी को माफ नहीं किया जा सकता।

---

**कहा, देश ने 2024-25 में 34 गीगावाट की अपनी अब तक की सर्वाधिक उत्पादन क्षमता जोड़ी, जिसमें अक्षय ऊर्जा का योगदान 29.5 गीगावाट रहा**

# भारत ने 241 गीगावाट की पीक बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा कियाः मनोहर लाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा कि भारत ने 9 जून, 2025 को 241 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह उपलब्धि देश के मजबूत बिजली बुनियादी ढांचे को दर्शाती है, जिसमें शून्य पीक शॉर्टेज की सूचना है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में बिजली क्षेत्र में 11 वर्षों के परिवर्तनकारी विकास पर प्रकाश डालते हुए ये बातें कही।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सभी को हर समय बिजली उपलब्ध कराना है और सरकार का लक्ष्य पूरे देश में सभी घरों में बिजली पहुंचाना है। देश अपनी सभी बिजली मांगों को पूरा करते हुए पर्याप्त बिजली वाला देश बन गया है और बिजली अधिशेष वाले देश की ओर अग्रसर है।

बिजली ट्रांसमिशन लाइनों के लिए मुआवजा बढ़ा

### 30 गीगावाट वीजीएफ योजना शुरू, बैटरी ऊर्जा भंडारण की दिशा में बड़ा कदमः ऊर्जा मंत्री




### आईएसटीएस शुल्क की छूट 2028 तक बढ़ाई

उन्होंने बताया कि भंडारण परियोजनाओं के लिए अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्क की छूट को 30 जून, 2028 तक बढ़ा दिया गया है। इससे इस तिथि से पहले आवंटित पंप स्टोरेज परियोजनाओं और चालू की गई बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों को लाभ मिलेगा। यह विस्तार भारत की बढ़ती भंडारण जरूरतों को पूरा करने और ट्रांसमिशन लाइनों के उपयोग को अनुकूलतम बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

### बीईएसएस योजना में 33 हजार करोड़ का निवेश आकर्षित होगा

मनोहर लाल ने घोषणा की कि ऊर्जा सुरक्षा और अक्षय एकीकरण के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास करते हुए विद्युत मंत्रालय ने पहले से चल रही 13.2 गीगावाट घंटे की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के अतिरिक्त 30 गीगावाट घंटे की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) योजना को मंजूरी दे दी है। 5,400 करोड़ रुपये की इस योजना का लक्ष्य 2028 तक देश की बीईएसएस जरूरत को पूरा करते हुए 33,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना है।

---

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा पीएम मोदी को पत्र**

# लोकसभा में उप-सभापति की नियुक्ति तत्काल करने की मांग



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा में उप-सभापति (डिप्टी स्पीकर) के पद पर नियुक्ति के लिए तत्काल प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। खरगे ने अपने पत्र में इस पद के लंबे समय से खाली रहने पर चिंता जताई और इसे भारतीय संविधान के प्रावधानों और संसदीय परंपराओं का उल्लंघन बताया। उन्होंने इस मुद्दे को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए हानिकारक करार देते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। खरगे ने अपने पत्र में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 93 का हवाला दिया, जिसमें लोकसभा के लिए सभापति (स्पीकर) और उप-सभापति (डिप्टी स्पीकर) के चुनाव का प्रावधान है। संवैधानिक रूप से उप सभापति, सभापति के बाद सदन का दूसरा सर्वोच्च पीठासीन अधिकारी होता है, जो सभापति की अनुपस्थिति में सदन की कार्यवाही का संचालन करता है। उन्होंने कहा कि उप सभापति का पद खाली रहना संविधान के नियमों का उल्लंघन है और यह संसद की प्रभावी कार्यवाही में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

### उप-सभापति की चुनाव प्रक्रिया शुरू करें

खरगे ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि बिना किसी देरी के उप-सभापति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया आमतौर पर लोकसभा के दूसरे या तीसरे सत्र में पूरी की जाती है, और इसकी तारीख सभापति द्वारा तय की जाती है। यह मांग संसद के आगामी मानसून सत्र (21 जुलाई 2025 से शुरू होने की संभावना) से पहले उठाई गई है।

### सभापति की अनुपस्थिति में उप-सभापति महत्वपूर्ण

खरगे ने अपने पत्र में इस बात पर जोर दिया कि उप सभापति का पद न केवल संवैधानिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह संसद की कार्यवाही को सुचारू और पारदर्शी बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है। उप-सभापति सभापति की अनुपस्थिति में सदन की कार्यवाही संचालित करता है और अनुशासन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खरगे ने इस खाली पद को लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा बताया और सरकार से इस दिशा में तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

### पिछले दो लोकसभा में उप-सभापति पद खाली रहा

खरगे ने पत्र में उल्लेख किया कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार पिछले दो लोकसभा कार्यकालों (17वीं और 18वीं लोकसभा) में उप-सभापति का पद खाली रहा है। पहली से सोलहवीं लोकसभा तक हर बार उप सभापति की नियुक्ति की गई थी, और परंपरागत रूप से यह पद मुख्य विपक्षी दल के सदस्य को दिया जाता रहा है। 16वीं लोकसभा में अंतिम बार एआईएडीएमके के नेता एम. थंबीदुरई को उप सभापति चुना गया था। खरगे ने कहा कि उप सभापति की नियुक्ति मुख्य विपक्षी दल से करने की परंपरा रही है, जो संसदीय प्रक्रिया में संतुलन और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। उन्होंने इसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संसद की सम्मानित परंपराओं का हिस्सा बताया, जिसे बनाए रखना आवश्यक है।

---

**देशभर में भयंकर गर्मी से लोगों का हाल बेहाल**

आईएमडी का अलर्ट

# कई राज्यों में पारा 45 के पार, 4 दिन तक तपिश नहीं होगी कम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश भर में इन दिनों भयंकर गर्मी का प्रकोप जारी है। उत्तर भारत तो मानो बहुत जल रहा है। राष्ट्रीय राजधानी के अधिकतर हिस्सों में पारा 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। यहां अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री दर्ज किया गया। झांसी और आगरा में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार चला गयामौसम विभाग ने मंगलवार के लिए यूपी के आगरा, झांसी, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर में भीषण गर्मी के साथ लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं दक्षिणी व पश्चिमी यूपी के लगभग 14 जिलों में रातें सामान्य से ज्यादा गर्म रहेंगी और वार्म नाईट का प्रकोप रहेगा।

### कई क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना



13 से 15 जून के बीच तेज हवाएं और गरज के साथ बारिश के होने की संभावना है। अधिकतम तापमान के घटकर 37-41 डिग्री सेल्सियस पर आने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा में भी हीटवेव को लेकर 4 दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर भारत के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में भी भारी बारिश होने की संभावना है। इन क्षेत्रों में असम, मेघालय, तटीय और आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, ओडिशा, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल शामिल हैं।

---

**कांग्रेस नेताओं ने इन्हें दलित और संविधान विरोधी बताया**

# कांग्रेस ने कहा- ग्वालियर हाईकोर्ट में अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना को रोकना भाजपा और आरएसएस की साजिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने कहा कि भाजपा-आरएसएस के दबाव में ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने से रोका जा रहा है और यह वर्ग संघर्ष पैदा कराने की सोची-समझी साजिश है।

कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार, विधायक फूल सिंह बरैया ने भाजपा-आरएसएस को दलित, बाबा साहेब अंबेडकर, आरक्षण और संविधान विरोधी बताते हुए कहा कि बिना देरी किए बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित होनी चाहिए।



### विवाद और वर्ग संघर्ष पैदा किया जा रहा

मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने इस मुद्दे पर कांग्रेस के अधिकृत रुख को दोहराते हुए कहा कि प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बावजूद ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में मूर्ति न लगने देना आरएसएस की सोची समझी रणनीति है, जिसका उद्देश्य विवाद और वर्ग संघर्ष पैदा करना है। यह घटनाक्रम दर्शाता है कि भाजपा-आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के दलितों, बाबा साहेब अंबेडकर जी, आरक्षण और संविधान के खिलाफ हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बाबा साहेब किसी एक वर्ग के नहीं हैं। जो अधिकार लोगों को मिले हैं, वह बाबा साहेब की देन हैं।

### जान-बूझकर प्रक्रिया रोकी गई

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बताया कि बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करने के लिए हाईकोर्ट की अनुमति ले ली गई थी। उसके बावजूद भाजपा-आरएसएस के दबाव में आकर यह प्रक्रिया रोकी गई, जो काफी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रतिमा की स्थापना में रुकावट पैदा कर रहे हैं, उन्हें अपनी गलती के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी अंबेडकर जी की प्रतिमा की स्थापना के लिए कानूनी तथा राजनीतिक दोनों स्तरों पर लड़ाई लड़ेगी।

### आरएसएस में दलित नहीं

सिंघार ने आरएसएस की सोच पर सवाल उठाते हुए कहा आज तक सरसंघचालक पद पर कोई दलित या आदिवासी नहीं रहा है। भाजपा-आरएसएस राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने वाले महान लोगों के विचारों को खत्म करना चाहते हैं।

# घरेलू निवेशकों के सहारे खड़ा है शेयर बाजार वर्ना विदेशियों ने तो डुबो दी थी लुटिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार से साल 2025 में विदेशी निवेशकों ने अब तक 1.01 लाख करोड़ रुपए निकाले हैं। अच्छी-खासी निकासी के बावजूद भी सेंसेक्स इस साल अब तक 5 फीसदी मजबूत हुआ है। भारतीय बाजार एफपीआई द्वारा बड़े पैमाने पर निकासी के बावजूद भी अगर डटकर खड़ा है क्योंकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) बाजार में जमकर पैसा डाल रहे हैं। डीआईआई ने इस साल अब तक भारतीय शेयर बाजार में 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया है। यह 2007 के बाद अब तक का दूसरा सबसे बड़ा सालाना निवेश है। खास बात यह है कि इस साल के शुरुआती छह महीने में हुआ यह निवेश अब तक के सभी हाफ ईयर में सबसे ज्यादा रहा है।

## विदेशी निवेशकों ने 2025 में 1.01 लाख करोड़ रुपए निकाले

### मई माह में 66,000 करोड़ का निवेश

साल की शुरुआत में डीआईआई के निवेश की रफ्तार थोड़ी सुस्त रही थी। मार्च और अप्रैल के महीनों में निवेश प्रवाह धीमा पड़ा था। लेकिन मई में इसमें जोरदार वापसी देखने को मिली। इस महीने में डीआईआई ने कुल 66,000 करोड़ रुपए का निवेश किया। इसके बाद जून में भी अब तक करीब 29,000 करोड़ रुपए की खरीदारी घरेलू संस्थागत निवेशक कर चुके हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मई-जून के दौरान ब्लॉक डील्स में आई तेजी के चलते निवेश प्रवाह में बड़ा उछाल आया।



### डीआईआई का 2024 में रिकॉर्ड 5.23 लाख करोड़ का निवेश

एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2024 में डीआईआई ने रिकॉर्ड 5.23 लाख करोड़ रुपए का निवेश भारतीय शेयर बाजारों में किया था, जो अब तक का सबसे बड़ा एक वर्षीय निवेश है। इसके मुकाबले 2023 में यह आंकड़ा 1.82 लाख करोड़ रुपए और 2022 में 2.76 लाख करोड़ रुपए रहा था। यह साफ है कि बीते कुछ वर्षों में घरेलू संस्थागत निवेशकों की भूमिका बाजार में स्थिरता बनाए रखने में लगातार बढ़ती गई है।

### जब-कमजोर हुआ बाजार डीआईआई बने खेवनहार

बाजार में जब-जब अनिश्चितता का माहौल बनता है, तब-तब डीआईआई एक स्थिर निवेशक शक्ति के रूप में उभरते हैं और गिरावट के समय सप्लाई को सक्रिय रूप से सोखने का काम करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मई में आई डीआईआई की आक्रामक खरीदारी भारत की कॉरपोरेट आय को लेकर उनके लगातार मजबूत विश्वास को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा में जियो एयर फाइबर और जियो फाइबर की धूम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के अधिकतर ग्रामीण परिदृश्य में डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देते हुए, रिलायंस जियो ने अपनी जियो एयर फाइबर और जियो फाइबर सेवाओं का तेजी से विस्तार करके राज्य में 3.52 लाख परिसरों को हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड और विश्व स्तरीय घरेलू मनोरंजन से जोड़ा है।अप्रैल 2025 के महीने के लिए जारी भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की नवीनतम ग्राहक डेटा रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस जियो की 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) सेवा - जियो एयर फाइबर - हरियाणा में 83.4% की विशाल बाजार हिस्सेदारी के साथ अग्रणी है।

### फ्यूचर जेनेराली इंडिया इंश्योरेंस ने चलाया वृक्षारोपण अभियान

**नोएडा ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर फ्यूचर जेनेराली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एफजीआईआई) एक हानिकारक पर्यावरण को समृद्ध प्राकृतिक आवास में बदल कर ईको लॉजिकल बहाली सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कैचफाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इसप्रोजेक्ट'रिस्पॉन्सिबलरूट्स' के तहत फ्यूचर जेनेराली इंडिया इंश्योरेंस एनएसजी मानेसर कैंपस में 4 साल की अवधि में एक लाख देशी पेड़ लगाएगी।

### लीला पैलेस होटल से 4.66 करोड़ रुपए की कर मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** लीला पैलेस होटल और रिसॉर्ट का संचालन करने वाली कंपनी श्लॉस बेंगलोर ने मंगलवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी को केंद्रीय जीएसटी विभाग, जयपुर से 4.66 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर कारण बताओ नोटिस मिला है। श्लॉस बेंगलोर की महत्वपूर्ण अनुषंगी इकाई तुलसी पैलेस रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड को यह नोटिस कर देनदारी के गलत समायोजन और रिवर्स चार्ज व्यवस्था के तहत सेवाओं के आयात पर आईजीएसटी का भुगतान न करने से संबंधित कथित उल्लंघनों के लिए भेजा गया है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## पाकिस्तान की आर्थिक समीक्षा बैठक में वित्त मंत्री ने दिया ब्योरा

# पाकिस्तान को कर छूट देने से 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान को विभिन्न क्षेत्रों को कर छूट देने से वित्त वर्ष 2024-25 में 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है। यह देश को अपने परिपक्व हो रहे वाणिज्यिक और द्विपक्षीय बाह्य ऋण के एवज में चुकाने के लिए आवश्यक 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर छूट की लागत बढ़कर 5800 अरब रुपए हुई

पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब द्वारा सोमवार को जारी पाकिस्तान की आर्थिक समीक्षा 2024-25 में वित्त वर्ष से जुड़े विभिन्न आर्थिक वृद्धि एवं संकेतकों का ब्योरा दिया गया है। दस्तावेज के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2024-25) में कर छूट की लागत बढ़कर रिकॉर्ड 5800 अरब रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 3900 अरब रुपये से करीब 2000 अरब रुपये अधिक है। पाकिस्तान एक जुलाई से 30 जून तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है।

### खास बातें

- पाकिस्तान एक जुलाई से 30 जून तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है
- सरकार ने अपने पिछले बजट में कई छूटों को हटा दिया था



### डॉलर को संदर्भ में कर घाटे की लागत बढ़ी

*समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, डॉलर के संदर्भ में कर घाटे की लागत 21 अरब अमेरिकी डॉलर थी, जो कि पाकिस्तान को चीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत के परिपक्व हो रहे वाणिज्यिक एवं द्विपक्षीय बाह्य ऋण के तहत इस वित्त वर्ष चुकाने के लिए आवश्यक 17 अरब अमेरिकी डॉलर से काफी अधिक है।*

### नवाज सरकार ने कई छूटों को हटा दिया था

*आर्थिक समीक्षा के अनुसार, कर व्यय 1960 अरब रुपये या 51 प्रतिशत बढ़ा जबकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सरकार ने अपने पिछले बजट में कई छूटों को हटा दिया था। कर रियायतों और छूटों को कई बार वापस लेने के बावजूद कर राशि में हर वर्ष वृद्धि जारी रही है। वर्षों से ये स्वीकृत छूटें तीन अलग-अलग कर कानूनों के तहत दी जा रही हैं।*

### बिक्री कर छूट करीब 50 फीसदी बढ़ी

समीक्षा में कहा गया चालू वित्त वर्ष में बिक्री कर छूट करीब 50 प्रतिशत बढ़कर 4300 अरब रुपये हो गई जो पिछले वर्ष 2900 अरब रुपये थी। संघीय राजस्व बोर्ड के अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में आयकर छूट की कुल राशि 801 अरब रुपये रहेगी जो पिछले वर्ष की 477 अरब रुपये से 68 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि सरकार के वेतनभोगियों पर अधिक कर का बोझ डालने तथा खुदरा विक्रेताओं जैसे अन्य क्षेत्रों को इससे मुक्त रखने के निर्णय के बावजूद दर्ज की गई।

### सीमा शुल्क छूट बढ़कर 786 अरब रुपए

समीक्षा के अनुसार इस वित्त वर्ष में सीमा शुल्क छूट बढ़कर 786 अरब रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष के 543 अरब रुपये से 243 अरब रुपये या 45 प्रतिशत अधिक है। खबर के अनुसार, '' 2025 के लिए कर व्यय'' के रूप में 5800 अरब रुपये की राशि का अनुमान पूर्व में प्रकाशित घाटे की विश्वसनीयता पर संदेह उत्पन्न करता है।

### आंकड़ों को कम दिखाना एक संकेत

कर व्यय को कम करने एवं समाप्त करने के लिए सरकारों के लगातार किए गए प्रयासों के बावजूद, यह लगातार बढ़ रहा है। समाचार पत्र के अनुसार, यह या तो वित्त वर्ष के दौरान कई छिपी हुई कर छूटों की शुरुआत या पिछले वर्ष के आंकड़ों को कम करके दिखाने का संकेत देता है। खबर में कहा गया है कि कर छूट लागत में इतनी तीव्र वृद्धि को उचित ठहराने के लिए आर्थिक गतिविधि में कोई असाधारण वृद्धि नहीं हुई है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रदीप कुमार पुत्र जिल्लेदार निवासी बी–6/168, नन्द नगरी, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 832/2020 अन्तर्गत धारा 12/09/55 जी एक्ट, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 832/2020 अन्तर्गत धारा 12/09/55 जी एक्ट, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रदीप कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**दीपाक्षी राणा**
महानगर दण्डाधिकारी–03
कमरा नं. 19, उत्तर–पूर्व जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/7454/NE/2025**
**(Court Matter)**

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

**मु.न. 150 दिनांक 07/06/2025. धारा 127 (6) बी. एन. एस सिविल लाईन सोनीपत जिला सोनीपत**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम-दिव्या ।
पिता का नाम- कैलाश।
पता -मसद मोहल्ला सोनीपत ।
उम्र 22 वर्ष
कद-5 फुट 3 ईन्च ।
हुलियाः रंग संवला, गोल चेहरा, स्वस्थ शरीर, काले बाल, काली आँखें।
पहनावाः- हरे रंग का सुट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 05-06-2025 दिव्या पुत्र कैलाश वासी मसद मोहल्ला सोनीपत हरियाणा जो कि बिना किसी को बताए कही पर चली गई हैं जो अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना 7419410533**
**अनुसंधान कर्ता मो0 न0-8930893048**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत-0130-2222903,100**

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत ।**

पीआरडीएच-1084/11/3492/2026/35522/88/7 दि. 10.06.25

### चांदी 1000 रुपए फिसली और सोना 110 रुपए टूटा

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 110 रुपये टूटकर 97,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 100 रुपये टूटकर 97,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। चांदी में सात दिनों की बढ़त पर विराम लगा। मंगलवार को चांदी की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को स्थानीय बाजारों में चांदी की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई थी। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 3,329.12 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने कहा, ''अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने की उम्मीद से सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आई, जिससे मंगलवार सुबह के कारोबार में सोने की कीमतों में गिरावट आई।' चीनी और अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को लंदन में व्यापार वार्ता के नए दौर को दूसरे दिन के लिए बढ़ा दिया, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समझौते की उम्मीद बढ़ गई।

## केबल इंडस्ट्रीज पर छंटनी की गाज, 10 लाख हो सकते हैं बेरोजगार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनियाभर में समय के साथ अब काफी बदलाव आ चुका है। एक समय मीडिया इंडस्ट्री पूरी तरह से केबल पर निर्भर थी, लेकिन आज बढ़ते इंटरनेट की वजह से सबसे ज्यादा चोट इसी सेक्टर को पड़ी है। इसका अब नतीजा ये रहा कि इस क्षेत्र से जुड़े करीब अब तक पांच लाख से ज्यादा लोग सड़क पर आ चुके हैं। रिपोर्ट बताती है कि आने वाले समय में अगर यही हाल रहा तो करीब 10 लाख सेक्टर से जुड़े लोगों के ऊपर बेरोजगारी की मार पड़ सकती है। कंज्यूमर अफेयर्स के एडिशनल सेक्रेटरी संजीव शंकर का मानना है कि केबल इंडस्ट्री को बचाने के लिए जो रिपोर्ट पेश को गई है, वो काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें ये बताया गया है कि इस सेक्टर के सामने इस वक्त क्या कुछ चुनौतियां है। शंकर का कहना है कि आज जब लोगों के पास इंटरनेट पर ओटीटी जैसे बेहतर सामग्री देखने के लिए प्लेटफॉर्म मौजूद है तो फिर क्यों लोग केबल को देखना पसंद करेंगे। गौरतलब है।

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | वार्ड 1 एम.सी. सोनीपत में पुराना जलघर के निकट रिषी कॉलोनी में थिमेटिक पार्क के विकास हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 02.07.2025 | 9.97 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhordmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35515/I/88/7 दि. 10.06.25

## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNITNO.119731DATED 14.05.2025(EPC-D NO.128/PD &C)TENDERREFERENCENO. IS 2025147F751BF0554EFFA 523DE2CC6D28F7C824HVP | ''ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि 16.06.2025 17:00 बजे तक, में विस्तार सहित शुद्धिपत्र–1 के खुलने की तिथि 09.06.2025 है।'' | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35509/I/88/7 दि. 10.06.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | 250 एमडब्ल्यू यूनिट-8 पीटीपीएस पानीपत हेतु सीडब्ल्यू पम्प स्पेयर्स की आपूर्ति। | 04.06.2025 02.07.2025 | 1.08 करोड़ | www.hpgcl.org.in | 1802566015 xenmtcplg1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35530/I/88/7 दि. 10.06.25

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# घरेलू शेयर बाजार में चार दिनों से जारी तेजी थमी

एजेंसी ⏭ मुंबई

मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच बैंक और ऊर्जा शेयरों में मुनाफावसूली होने से स्थानीय शेयर बाजार में चार दिनों से जारी तेजी मंगलवार को थम गई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मानक सूचकांक सेंसेक्स 53 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी लगभग स्थिर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 53.49 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,391.72 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि 15 लाभ में रहे और एक अपरिवर्तित रहा। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और सुबह के कारोबार में 235.58 अंक चढ़कर 82,680.79 पर पहुंच गया था। लेकिन दोपहर के सत्र में दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में मुनाफावसूली होने के कारण यह अपनी बढ़त गंवा बैठा। 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी महज 1.05 अंक की बढ़त के साथ 25,104.25 पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बाजार में सुस्ती रही और यह लगभग अपरिवर्तित बंद हुआ। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच निवेशक थोड़े सतर्क बने हुए हैं और सूचकांक के दिग्गजों के बीच अलग-अलग रुझान समग्र धारणा को प्रभावित कर रहे हैं।/" बीएसई पर सूचीबद्ध 2,232 कंपनियां बढ़त में रहीं जबकि 1,805 शेयरों में गिरावट रही और 135 अन्य अपरिवर्तित रहे।


- उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 53 अंक गिरा



### वेदांता रिसोर्सेज की नजर निवेश श्रेणी की रेटिंग पर

**नई दिल्ली।** लंदन स्थित वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) निवेश श्रेणी की रेटिंग पाने का लक्ष्य बना रही है। इसके लिए कंपनी कर्ज को कम करने, अपनी भारतीय अनुषंगी कंपनी वेदांता लिमिटेड को अलग करने, मजबूत वृद्धि, परिचालन दक्षता और मजबूत वित्तीय प्रदर्शन पर जोर दे रही है। वेदांता रिर्सोसेज अपने महत्वपूर्ण खनिजों, संक्रमण धातुओं, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए वित्त वर्ष 2026-27 तक अपने कुल कर्ज को मौजूदा पांच अरब अमेरिकी डॉलर से घटाकर तीन अरब डॉलर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## शब्द पहेली - 5894



**बाएँ से दाए**


1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5893 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बि | ज | ली | घ | र | | मा | न | सि | क |
| दि | ल | | ड | | ख | न | न | | ना | रा |
| ल | | धा | र | दा | र | | क | ली | | मा |
| दु | ला | रा | | | खा | स | | ख | प | त |
| ख | | धा | | ना | व | | ग | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | च | म | क | दा | र |
| | यू | | त | | स | र | | ट | | वा |
| ह | र | म | | शा | म | | | पी | स | ना |
| ड़ | | य | श | | का | रा | वा | स | | हो |
| ता | न | | प | ग | ली | | न | | म | ना |
| ल | थ | प | थ | | न | ग | र | व | धु | |



# टेस्ट क्रिकेट : इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 20 जून से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होने वाला है। रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी गेंदबाज टीम का हिस्सा नहीं हैं। अश्विन ने संन्यास ले लिया है और शमी को टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया है। ऐसे में गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती रहने वाली है। आइए उन सक्रिय भारतीय गेंदबाजों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट झटके हैं।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में रविंद्र जडेजा के आंकड़े कमाल के रहे

### रविंद्र जडेजा (70 विकेट)

सूची में पहले स्थान पर भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट मैच साल 2012 में खेला था। उन्होंने अब तक 20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 37 पारियों में 32.57 की औसत से 70 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उनके नाम 2 बार 5 विकेट हॉल भी है। इंग्लैंड के खिलाफ उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/48 विकेट का रहा है। दोनों पारियों को मिलाकर जडेजा ने एक बार 10 विकेट भी लिए हैं।



### जसप्रीत बुमराह (60 विकेट)



दूसरे स्थान पर भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। उन्होंने इस टीम के खिलाफ अपना पहला मुकाबला साल 2018 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 14 मुकाबले खेले हैं और इसकी 26 पारियों में 22.16 की उम्दा औसत के साथ 60 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। बुमराह ने 3 बार 5 विकेट हॉल भी अपने नाम किए हैं। उनका इंग्लैंड के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/45 विकेट का रहा है।

### मोहम्मद शमी (44 विकेट)



इस सूची में शमी तीसरे स्थान पर हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने उनको लेकर कहा था कि, वह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। इसी कारण उनका चयन नहीं हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ शमी ने 15 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 27 पारियों में 38.29 की औसत से 44 विकेट लिए हैं। वह एक बार भी 5 विकेट हॉल लेने में सफल नहीं हो पाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/57 का रहा है।

### अक्षर पटेल (32 विकेट)



इंग्लैंड के खिलाफ 2021 में अपना पहला टेस्ट मैच खेलने वाले स्पिन गेंदबाज अक्षर पटेल इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 10 पारियों में 15.37 की उम्दा औसत के साथ 32 विकेट लेने में सफल रहे हैं।उन्होंने 4 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/38 का रहा है। इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद अक्षर को टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है।

## खबर संक्षेप



### रेसवॉकर प्रियंका ने सत्र की पहली जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारत की रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में आस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैम्पियनशिप में महिलाओं की दस किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। इंसब्रुक में पुरूषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप कुमार दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे। प्रियंका गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दस किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था।
वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी।
गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल्स पर लिखा ,'' एक मिनट के दंड के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और दंड के बाद यह मुश्किल था।

### रुतुराज यार्कशायर टीम से खेलते आएंगे नजर



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ करार किया है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज गायकवाड़ के काउंटी चैंपियनशिप के 5 मैचों के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद है। वह अगले महीने सरे के खिलाफ होने वाले चैंपियनशिप मैच से पहले टीम में शामिल होंगे। इसके साथ-साथ वह इस टीम के साथ वनडे कप में भी हिस्सा लेंगे। फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर मौजूद हैं गायकवाड़ इस समय इंडिया-ए टीम का हिस्सा बनकर इंग्लैंड में हैं, लेकिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अब तक दोनों ही मैचों में नहीं खेले हैं। दरअसल, 28 वर्षीय गायकवाड़ पिछले 2 महीने से ज्यादा समय से मैदान पर नहीं उतरे हैं। वह आईपीएल 2025 में कोहनी में चोट लगा बैठे थे और बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। वह इस सीजन में सीएसके की कप्तानी कर रहे थे।

### इलावेनिल को आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक

**म्यूनिख।** भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।पच्चीस साल की भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इलावेनिल ने फाइनल में 10.7 अंक के साथ शुरुआत की और फिर अपने अगले प्रयास में 10.8 अंक जुटाए।



## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल मुकाबला आज से

# अफ्रीका चाहेगी पहली बार खिताब हथियाना ऑस्ट्रेलिया भी कड़ी चुनौती देने तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र का फाइनल मुकाबला दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच 11 जून से होगा। लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में यह प्रतिष्ठित मुकाबला खेला जाएगा। तेम्बा बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम पहली बार यह खिताब जीतना चाहेगी, जबकि पैट कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार दूसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाना चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाला यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा।

### ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों टीमों की भिड़ंत में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा है। टेस्ट प्रारूप में अब तक ये दोनों टीमें कुल 101 मैचों में आमने-सामने हुई है, जिसमें से 54 टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं, जबकि 26 टेस्ट प्रोटियाज टीम ने अपने नाम किए हैं। इस बीच 21 मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। तटस्थ मैदानों पर दोनों टीमें 3 मैचों में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से 2 में ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज (ड्रॉ-1) की है।





### इस संयोजन के साथ उतर सकती है ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया की टीम से एक बार फिर उस्मान ख्वाजा पारी की शुरुआत करते हुए नजर आएंगे। गेंदबाजी में कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की तिकड़ी कहर बरपाने के लिए तैयार होगी। नाथन लियोन पर स्पिन विभाग की जिम्मेदारी होगी। ब्यू वेबस्टर को मौका मिल सकता है।
संभावित एकादशः उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, और जोश हेजलवुड।

### ड्रॉ होने पर कौन बनेगा चैंपियन

टेस्ट मैच अधिकतर ड्रा ही होते हैं और बहुत ही कम चांस जीत हार के होते हैं। ऐसे में यह कयास लगाया जाना लाजिमी है कि अगर यह मुकाबला ड्रा रहता है तो कौन सी टीम विजेता घोषित की जाएगी और किसे ईनामी राशि 30 करोड़ रुपए मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार भारत को हराकर पहला डब्ल्यूटीसी खिताब जीता था। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा अपनी टीम को पहला विश्व टेस्ट खिताब दिलाने की कोशिश में हैं। अगर मैच ड्रॉ या रद्द हो जाता है तो ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका को संयुक्त रूप से विजेता घोषित कर दिया जाएगा।

### विजेता को मिलेगी 30 करोड़ की इनाम राशि

आईसीसी ने इस बार विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि को दोगुना से भी ज्यादा कर दिया है। फाइनल जीतने वाली टीम को 30 करोड़ की इनामी राशि मिलेगी। जबकि उपविजेता टीम को 18 करोड़ रुपये मिलेंगे।

### ऐसी हो सकती है दक्षिण अफ्रीका की प्लेइंग इलेवन

दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने बताया है कि रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम टीम की सलामी जोड़ी होगी। काइल वेरिन टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज हो सकते हैं। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग से प्रभावित किया है। तेज गेंदबाजी का कार्यभार कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी के कंधो पर होगा।
संभावित एकादशः एडेन मार्करम, रयान रिकेल्टन, टोनी डी जोरजी, तेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेटकीपर), वियान मुल्डर, मार्को येंसन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, और लुंगी एनगिडी।

## भारत 2027 एशियाई कप क्वालीफायर के अहम मैच में हांगकांग से 0-1 से हारा

एजेंसी ▶▶| कोवलून (हांगकांग)

भारतीय फुटबॉल टीम को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के अहम मैच में स्टीफन परेरा के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मंगलवार को यहां मेजबान हांगकांग के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। अपने से कम रैंकिंग वाले हांगकांग के खिलाफ हार भारत के लिए बड़ा झटका है क्योंकि टीम लगातार खराब प्रदर्शन कर रही है और फिनिशिंग कौशल की कमी का खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है। रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब भारत के गोलकीपर विशाल कैथ गोल लाइन से बाहर आए और गेंद को सुरक्षित बाहर करने की कोशिश की लेकिन माइकल उदेबुलुजोर के खिलाफ फाउल कर बैठे। परेरा (90+4) ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर हांगकांग की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने गेंद को कैथ के दाईं ओर से गोल में पहुंचाया। कैथ को इंजरी टाइम के फाउल के लिए पीला कार्ड भी दिखाया गया। इस हार से भारत की सऊदी अरब में होने वाले अगले एशियाई कप में पहुंचने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है और टीम फीफा रैंकिंग में 133वें स्थान पर खिसक जाएगी जबकि हांगकांग को अंक मिलेंगे और वह आगे बढ़ेगा। इससे पहले भारत के कोच मनोलो मारक्वेज ने अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री को शुरुआती एकादश से बाहर रखा। नवनिर्मित काई टेक स्टेडियम में स्थानीय दर्शक मेजबान टीम के समर्थन में बड़ी संख्या में जुटे थे लेकिन भारत ने पहले हाफ में कुछ मौके बनाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। हांगकांग ने हालांकि गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखा। एक बार फिर शुरुआती 45 मिनट में फिनिशिंग की कमी ने भारतीय टीम को निराश किया। मध्यांतर से पहले जो मौके मिले उनमें से 35वें मिनट में भारतीय टीम गोल करने के सबसे करीब थी लेकिन आशिक कुरुनियन ने लिस्टन कोलासो के क्रॉस पर शॉट बाहर मार दिया। चोटिल होने के कारण चिकित्सा सहायता के बाद कोलासो ने लंबी दूरी से एक शक्तिशाली शॉट लगाया लेकिन वह सीधे गोलकीपर के दस्तानों में चला गया।

## केंट पहुंचे अर्शदीप, इंग्लैंड टेस्ट से पहले लय हासिल करने की कोशिश

**लंदन।** भारत के बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट लौटकर खुश हैं जहां उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेली है और इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले वह पारंपरिक प्रारूप में लय हासिल करने की कोशिश में होंगे। 26 वर्ष के अर्शदीप को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिये काउंटी चैम्पियनशिप खेल चुके हैं उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिये भी शानदार गेंदबाजी की।

## पूरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

## सिर्फ 29 साल की उम्र में लिया संन्यास



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। उन्होंने सिर्फ 29 साल की उम्र में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलने वाले पूरन ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास की घोषणा की। वह अपने अब तक के करियर में वेस्टइंडीज टीम की कप्तानी भी कर चुके थे।

### इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किया ऐलान

पूरन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'काफी सोच-विचार के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। जिस खेल से हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत कुछ दिया है। इस खेल ने वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है।' पूरन का संन्यास का फैसला इसलिए भी चौंकाने वाला है क्योंकि अगले साल ही टी-20 विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका में होना है।

## प्रो लीग : लगातार दो हार के बाद अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेगा भारत

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

लगातार दो मैच हार चुकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के अगले मैच में आखिरी मिनटों में गोल गंवाने और पेनल्टी में तब्दील नहीं कर पाने की अपनी कमजोरी से पार पाना होगा।

भारतीय टीम के लिये यूरोप चरण की शुरूआत खराब रही और उसे नीदरलैंड ने पहले दो मैचों में 2-1 और 3-2 से हराया। दोनों मैचों में भारत ने बढ़त बनाने के बाद आखिरी मिनटों में गोल गंवाये। इसके अलावा भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी बेहतर करना होगा। पिछले मैच में नौ में से एक पेनल्टी कॉर्नर को ही भारतीय टीम गोल में बदल सकी। अभी इस चरण में छह मैच खेले जाने बाकी हैं और भारत 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है।



### भारत का मुकाबला अब इन देशों से

अब भारत को अर्जेंटीना से दो मैच खेलने हैं जिसके बाद आस्ट्रेलिया और फिर बेल्जियम का सामना करना होगा। अर्जेंटीना के खिलाफ भारत को प्रो लीग में एकमात्र पराजय 2022 में भुवनेश्वर में मिली थी । प्रो लीग के जरिये अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को बाकी मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबलों में भारत का पलड़ा भारी रहा है। पेरिस ओलंपिक में दोनों टीमों का मुकाबला ड्रॉ रहा था। प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया था और दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा हम पूरी तरह से तैयार हैं।

## भारत से टेस्ट मैच के पहले इंग्लैंड को झटका, तेज गेंदबाज जोश हुए चोटिल

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है। उनके तेज गेंदबाज जोश टंग को इंडिया ए के खिलाफ नॉर्थम्प्टन में चल रहे दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट के दौरान चोट लग गई है। इस चोट के कारण टंग का हेडिंग्ले, लीड्स में होने वाले पहले टेस्ट में खेलना अनिश्चित हो गया है। उनकी चोट की गंभीरता के बारे में अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है, लेकिन इंग्लैंड के लिए यह चिंता का विषय है, क्योंकि टंग को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चुना गया था। जोश टंग केवल चार ओवर गेंदबाजी कर सके और इसके बाद मैदान छोड़कर चले गए। इस छोटे स्पेल में टंग ने बिना कोई विकेट लिए 27 रन दिए, जो काफी महंगा साबित हुआ।



## जर्मनी में चार देशों के टूर्नामेंट में 21 जून से

# भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम की अगुआई करेंगे हुंडल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी ड्रैग फ्लिकर अराइजीत सिंह हुंडल 21 जून से बर्लिन में शुरू हो रहे चार देशों के टूनर्रामेंट में भारत की 24 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की अगुआई करेंगे। यह टूर्नामेंट इस साल चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। भारत और मेजबान जर्मनी के अलावा 21 से 25 जून तक होने वाली इस प्रतियोगिता में स्पेन और ऑस्ट्रेलिया भी हिस्सा लेंगे। हुंडल 2023 जूनियर एशिया कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं और 2023-24 प्रो लीग में भी खेले डिफेंडर आमिर अली को भारतीय टीम का उप कप्तान बनाया गया है।



### एफआईएच विश्वकप की तैयारी के लिए महत्वपूर्णः कोच

भारत के पूर्व गोलकीपर और जूनियर पुरुष टीम के कोच पीआर श्रीजेश ने कहा, ''यह टूर्नामेंट इस साल के अंत में (नवंबर-दिसंबर) होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए हमारी तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें प्रतिस्पर्धी माहौल में शीर्ष स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलने का मौका देगा जो इन युवा खिलाड़ियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। दो बार ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे श्रीजेश ने कहा कि नतीजों से अधिक ध्यान युवा खिलाड़ियों को शीर्ष स्तरीय टीमों के खिलाफ खेलने का अनुभव देने पर टिका होगा।

#### ऐसा रहेगा टूर्नामेंट का प्रारूप

टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम राउंड रोबिन पूल चरण में एक-दूसरे के खिलाफ एक बार खेलेगी और शीर्ष दो टीम फाइनल में जगह बनाएंगी। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम क्लासीफिकेशन मैच खेलेंगी। श्रीजेश ने कहा कि यह टूर्नामेंट उन्हें अलग-अलग संयोजन आजमाने का मौका देगा।

### ये सीख खिलाड़ियों के लिए अमूल्य : श्रीजेश

कोच श्रीजेश ने कहा, ''हमने ऐसी टीम चुनी है जो ऊर्जा और क्षमता का स्वस्थ संतुलन लेकर आती है। यह दौरा हमें अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने, संयोजनों के साथ प्रयोग करने और खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण मैच स्थितियों में जिम्मेदारी लेने का अवसर देगा। ये सीख खिलाड़ियों के लिए अमूल्य होगी क्योंकि हम स्वदेश में जूनियर विश्व कप की ओर बढ़ रहे हैं।

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपरः** बिक्रमजीत सिंह, विवेक लाकड़ा। **डिफेंडरः** आमिर अली, तालेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पीबी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह, सुखविंदर। **मिडफील्डरः** अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, रोहित कुल्लू, थॉकचोम किंग्सन सिंह, थौनाओजाम इंगलेम्बा लुवांग, एड्रोहित एक्का, जीतपाल। **फारवर्डः** अराइजीत सिंह हुंडल (कप्तान), गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और अजीत यादव।

## आरसीबी में अपनी 16,800 करोड़ की हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में डियाजियो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग की प्रमुख फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल बाद पहली बार खिताब पर कब्जा जमाया है। इस बीच खबर है कि ब्रिटिश स्पिरिट्स कंपनी डियाजियो पीएलसी टीम में अपनी हिस्सेदारी को बेचने के लिए विकल्प की तलाश कर रही है। इसके लिए उसने संभावित सलाहकारों के साथ चर्चा भी शुरू कर दी है। उसके अपनी हिस्सेदारी का मूल्य 2 अरब डॉलर (लगभग 16,800 करोड़ रुपये) लगाने की संभावना है। हालांकि, अभी अंतिम निर्णय लेना बाकी है।

### डियाजियो ने क्या की तैयारी?

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन की स्पिरिट्स कंपनी डियाजियो ने आरसीबी के एक हिस्से या पूरी हिस्सेदारी की संभावित बिक्री सहित विभिन्न विकल्पों का मूल्यांकन करने के लिए संभावित सलाहकारों के साथ परामर्श शुरू कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि डियाजियो अपनी भारतीय सहायक कंपनी यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड के माध्यम से इसकी कीमत 16,800 करोड़ रुपये लगा सकती है।

### डियाजियो क्यों बेचना चाह रही है हिस्सेदारी

आरसीबी के मालिकाना हक को बेचने की बात ऐसे समय में हो रही है जब भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल में तंबाकू और शराब ब्रांडों के प्रचार पर प्रतिबंध लगाने पर जोर दिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

यह जानकारी रक्षा मंत्री ने मंगलवार को देहरादून में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी

# भारत लोकतंत्र की जननी...जबकि पाकिस्तान आतंकवाद का जनक है: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर को एक महीना पूरा हो चुका है। लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक आधिकारिक रूप से इस सैन्य अभियान के समापन की घोषणा नहीं की गई है। देश की सशस्त्र सेनाएं भी पहले की स्थिति में ही पूरी मुस्तैदी के साथ मोर्चे पर डटी हुई हैं। इन सबके बीच मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देहरादून में आयोजित किए गए एक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि इस सैन्य अभियान के जरिए सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे के प्रति दृष्टिकोण और कार्रवाई के तरीके को बदलकर भारत के सुरक्षा तंत्र को ही बदल दिया है। पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस बदलाव को देखा है। यह सैन्य अभियान भारतीय इतिहास में आतंकवाद के खिलाफ की गई सबसे बड़ी कार्रवाई है। दोनों देश एक ही समय पर आजाद हुए थे। लेकिन भारत लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है। जबकि पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद के जनक के रूप में उभरा है। उसने हमेशा से आतंकवादियों को पनाह दी, प्रशिक्षण के साथ वित्तीय मदद मुहैया कराई है। ऐसे में वो हमेशा इस खतरे को उचित ठहराने की कोशिश करता रहता है। लेकिन अब महत्वपूर्ण ये है कि हम इन आतंकवादियों और इनके समूचे ढांचे को पूरी तरह से खत्म कर दें। इस कार्यक्रम का विषय राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद रखा गया था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कार्यक्रम में मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय ने 10 जून को एक बयान के जरिए यह जानकारी दी।

### वैश्विक समुदाय डाले पाक पर दबाव

राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह करते हुए कहा कि वो आतंकवाद से निपटने के लिए पाकिस्तान पर रणनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव डालें। पाक आतंकवाद की नर्सरी है और उसे पोषित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारे पड़ोसी देश को यह कतई बर्दाश्त नहीं हुआ कि धारा-370 को समाप्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर में शांति और प्रगति के एक नए युग की शुरुआत कैसे हुई? इसे लेकर ही उन्होंने पहलगाम का कायरतापूर्ण आतंकी हमला किया, ये घटना देश की सामाजिक एकता पर किया गया हमला था। जिसके जवाब में हमने अपनी सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। राजनाथ ने कहा, भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा कर रहा है और ऐसी प्रणाली बना रहा है। जो इसे रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी रूप से मजबूत बना रही है। 2025 में 1.75 लाख करोड़ रुपए का रक्षा उत्पादन और 30 हजार करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य तय किया गया है।

### सरकार संग जनता भी सतर्क रहे

उन्होंने कहा कि भारत के सशस्त्र बलों ने आतंकवाद को करारा जवाब दिया है। लेकिन भविष्य में पहलगाम जैसे आतंकी हमलों को रोका जाना जरूरी है। इसके लिए सरकार के साथ ही आम जनता को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। आतंकवाद को महामारी बताते हुए राजनाथ ने कहा कि इस खतरे को स्वाभाविक मौत के लिए नहीं छोड़ा जा सकता। क्योंकि इसका अस्तित्व सामूहिक शांति, विकास, समृद्धि के लिए चुनौती बना रहेगा। रक्षा मंत्री ने आतंकवाद के स्थायी समाधान की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। आतंकवाद एक बड़ा विकृत नैतिक तर्क, मानवता पर सबसे बड़ा अभिशाप, शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के खिलाफ और लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सुरक्षा का मामला नहीं है। बल्कि ये मानवता के बुनियादी मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है।

### यूएन पैनल की अध्यक्षता पर जताया आश्चर्य

रक्षा मंत्री ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) द्वारा पाकिस्तान को आतंकवाद निरोधक पैनल का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के निर्णय पर आश्चर्य जताया। साथ ही कहा, ये पैनल 9/11 के आतंकी हमलों के बाद गठित किया गया था। वो पाकिस्तान ही था जिसने इस हमले के साजिशकर्ता को पनाह दी थी। उसकी जमीन का उपयोग वैश्विक आतंकी संगठनों के लिए पनाहगाह के रूप में किया गया है। वहां हाफिज और मसूद जैसे आतंकवादी खुलेआम घूमते रहते हैं। पाक सेना के अधिकारी आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शामिल होते हैं। राजनाथ ने गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि अब ऐसे देश से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समुदाय का नेतृत्व करने की अपील की जा रही है। जिससे वैश्विक व्यवस्था की मंशा और नीतियों पर गंभीर सवाल उठता है। उन्होंने यूएन से आतंकवाद के मामले पर अधिक गंभीरता से विचार करने का आह्वान किया।

### मीडिया को दी सलाह

उन्होंने मीडिया को समझाते हुए कहा कि आज के समय में सबसे सही होने को आगे रहने से ज्यादा प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सत्यापित होने की जगह पर वायरल होना पत्रकारिता का मानक बन गया है। इससे बचने की जरूरत है। मीडिया को एक प्रहरी बताते हुए राजनाथ ने कहा, एक स्वतंत्र और स्वस्थ पत्रकारिता एक स्थिर शक्ति है। जो समाज को सजग बनाती है, उसे एकजुट करती है और चेतना फैलाती है। सैन्य कार्रवाई बंद है। लेकिन 21वीं सदी में सूचना युद्ध अभी भी जारी है। अगर लोग बिना सोचे समझे झूठी खबरें साझा करते हैं। तो वे अनजाने में दुश्मन के हथियार बन जाते हैं। सरकारी प्रयास जारी हैं। लेकिन प्रत्येक नागरिक को पहले प्रतिक्रिया करने वाला बनने की जरूरत है।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पाकिस्तान को चेतावनी

# हम आतंकवाद के साथ और नहीं जीएंगे हमला हुआ तो फिर से करारा जवाब देंगे



एजेंसी ⏭ ब्रूसेल्स

जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकियों को पनाह और प्रशिक्षण देता आ रहा है और हजारों आतंकी दक्षिणी सीमा पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद के साथ अब और नहीं जीएंगे। हमारा संदेश साफ है कि अगर आगे भी पहलगाम जैसे हमले जारी रहे तो हम जवाबी कार्रवाई करेंगे।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के करीब तीन हफ्ते बाद भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है और कहा है कि अगर फिर से आतंकी हमला हुआ तो भारत फिर से करारा जवाब देने में बिल्कुल नहीं हिचकेगा। जयशंकर इन दिनों बेल्जियम के दौरे पर हैं। वहां एक इंटरव्यू के दौरान जयशंकर ने कहा कि अगर आतंकी ठिकाने पाकिस्तान के भीतर मौजूद हैं तो हम पाकिस्तान में भीतर जाकर ही हमला करेंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। और अगर पाकिस्तान की तरफ से फिर से आतंकी हमला हुआ तो भारत फिर से सैन्य कार्रवाई से नहीं हिचकेगा।

**आतंकवाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा यही प्रमुख समस्या**

**मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला कर निष्क्रिय किया**

### पाक आतंकियों को पनाह दे रहा

*जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकियों को पनाह और प्रशिक्षण देता आ रहा है और हजारों आतंकी दक्षिणी सीमा पर मौजूद हैं। हमारा संदेश साफ है कि अगर आगे भी पहलगाम जैसे हमले जारी रहे तो हम जवाबी कार्रवाई करेंगे और यह कार्रवाई आतंकी संगठनों और आतंकी नेतृत्व के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है यही प्रमुख समस्या है।*

### बेल्जियम के साथ पुराने रिश्ते

जयशंकर ने बेल्जियम के साथ भारत के पुराने और मजबूत संबंधों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बेल्जियम हमेशा भारत का प्रमुख साझेदार रहा है और यह उन पहले देशों में से एक है जिसने भारत के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। अब भारत आर्थिक सहयोग, जनसंपर्क और प्रवासी भारतीयों के कल्याण को भी आगे बढ़ाना चाहता है।


### भारत को महत्व दे रहा यूरोप

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बदलती वैश्विक स्थिति के बीच यूरोप अब भारत के साथ मजबूत संबंधों को लेकर पहले से ज्यादा गंभीर हो गया है। उन्होंने कहा कि जैसे भारत ने 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, वैसे ही अब 'आत्मनिर्भर यूरोप' की सोच भी उभर रही है, जो दूसरों पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है। जयशंकर ने कहा कि यूरोप अब यह महसूस कर रहा है कि कई समस्याओं का हल उसे खुद ढूंढना होगा। इसी कारण वह अन्य देशों, खासकर भारत के साथ अपने रिश्तों को और गहराई देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यूरोप अब

## ऑस्ट्रिया के स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग

स्थिति नियंत्रण में अब कोई खतरा नहीं

# अब तक 10 लोगों की मौत हमलावर भी ढेर, कई घायल



एजेंसी ⏭ वियना

ऑस्ट्रिया के एक स्कूल में भीषण फायरिंग की खबर है। इस घटना में कम से कम 10 लोगों के मारे जाने की खबर है। ऑस्ट्रिया के शहर ग्राज में मंगलवार को एक स्कूल में एक शूटर द्वारा की गई गोलीबारी 10 लोगों की मौत हुई है। इस घटना में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। घटना में छात्रों और शिक्षकों सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर ने खुद को भी गोली मार

### मेयर ने शूटर के मौत की पुष्टि की

ग्राज के मेयर एल्के कहर ने बताया कि मृतकों में शूटर भी शामिल है। सुबह 10 बजे एक कॉल के बाद बोर्ग ड्रेयर्सचुएत्जेन्गासे हाई स्कूल में विशेष बल भेजे गए। सुबह 11.30 बजे पुलिस ने सोशल नेटवर्क 'एक्स' पर लिखा कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और सभी को सुरक्षित मीटिंग पॉइंट पर ले जाया गया है। उन्होंने लिखा कि स्थिति काबू में है और अब कोई खतरा नहीं है। ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर ग्राज देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यहां की आबादी लगभग 3,00,000 हैं।

### राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन ने जताया दुख

ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन ने कहा कि इस बर्बर घटना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता. उन्होंने कहा वे युवा थे, जिनके सामने पूरा जीवन था. एक शिक्षक जो उन्हें राह दिखा रहा था। शहर के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में गोलीबारी करने वाला हमलावर 21 साल का एक ऑस्ट्रियाई व्यक्ति था, जिसके पास दो हथियार थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि हमलावर ने वैध तरीके से हथियार प्राप्त किये थे। हमलावर ने दस लोगों को गोली मारने के बाद शौचालय में खुद को मार डाला। हमले में कम से कम 12 अन्य लोग घायल हुए जिसमें से कुछ की हालत गंभीर है।

